www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-37 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • रविवार 12 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

एडीजीपी सुसाइड केस... पोस्टमॉर्टम पर परिवार नहीं राजी, शव को जबरन पीजीआई ले जाने का आरोप

# एसपी नरेंद्र बिजारणिया हटाए गए, परिवार ने उठाई डीजीपी की गिरफ्तारी की मांग

चंडीगढ़ | समर ब्यूरो

हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के पोस्टमॉर्टम को लेकर विवाद फिलहाल थम नहीं रहा है। शनिवार सुबह लाश चंडीगढ़ के सेक्टर 16 गवर्नमेंट अस्पताल से पीजीआई शिफ्ट की गई थी। परिवार ने आरोप लगाया था कि उनकी मर्जी के खिलाफ लाश को जबरदस्ती पीजीआई ले गए। वहीं, इस मामले में राज्य सरकार ने कार्रवाई करते हुए रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया को हटाकर उनकी जगह आईपीएस अफसर सुरेंद्र सिंह भौरिया को एसपी नियुक्त किया है। मामले में विरोध को देखते हुए फिलहाल बिजारणिया को कोई पोस्टिंग नहीं दी गई।

शनिवार को डॉक्टरों, फोरेंसिक एक्सपर्ट्स और वीडियोग्राफी टीमें चंडीगढ़ पीजीआई पहुंच गई थीं, लेकिन परिवार का कोई सदस्य नहीं गया। पूरन कुमार के परिवार और अनुसूचित समाज ने 31 मेंबरी कमेटी बनाई है। कमेटी का कहना है कि जब तक डीजीपी शत्रुजीत कपूर और एसपी नरेंद्र बिजारणिया की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक परिवार पोस्टमॉर्टम नहीं कराएगा। रविवार दोपहर 2 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर-20 स्थित गुरु रविदास गुरुद्वारे में महापंचायत बुलाई गई है। पूरन कुमार की अमनीत पी. कुमार की मांग है कि डीजीपी शत्रुजीत कपूर और एसपी नरेंद्र बिजारणिया को हटाकर गिरफ्तार किया जाए। इन्होंने ही पूरन कुमार को भ्रष्टाचार केस में फंसाया है। रोहतक एसपी तो हटाए जा चुके हैं, लेकिन सरकार ने डीजीपी पर अभी फैसला नहीं लिया है।

## पत्नी ने चंडीगढ़ पुलिस पर उठाए गंभीर सवाल पोस्टमॉर्टम में जल्दबाजी क्यों?

अमनीत पी. कुमार ने अपने पति के शव के साथ किए गए "चंडीगढ़ पुलिस के जल्दबाजी भरे व्यवहार" पर गहरा आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उनके पति के शव के साथ कोई गरिमा नहीं दिखाई। अमनीत ने कहा, "चंडीगढ़ पुलिस ने मेरे दिवंगत पति, जो दलित समुदाय से थे, के प्रति कोई गरिमा नहीं दिखाई। मैंने पोस्टमॉर्टम के लिए सहमति दी थी, लेकिन साफ कहा था कि बच्चे अपने पिता को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, उसके बाद ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया जाए, लेकिन पुलिस ने परिजनों की अनुपस्थिति में ही शव को अस्पताल से उठा लिया और औपचारिकताओं के लिए ले गई, जो बेहद असंवेदनशील है।" उन्होंने कहा "मैं एक दलित विधवा हूं, और मेरे पति के शव के साथ गरिमा से व्यवहार करने का अधिकार मुझसे छीना जा रहा है। अब जिम्मेदारी चंडीगढ़ पुलिस की है। अगर परिवार की सहमति इतनी महत्वहीन है, तो वे शव के साथ जो चाहें कर सकते हैं। मैंने अब तक चुप रहकर गरिमा बनाए रखी, लेकिन अब मामला हाथ से निकल रहा है। इतनी जल्दबाजी क्यों? चंडीगढ़ पुलिस को अपने व्यवहार की सफाई देनी चाहिए।" अमनीत ने यह भी आरोप लगाया कि शव को सेक्टर-16 अस्पताल से पीजीआई ले जाने के दौरान महत्वपूर्ण साक्ष्य नष्ट हो सकते हैं। उन्होंने कहा, "अगर किसी भी तरह की चूक हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी चंडीगढ़ पुलिस की होगी।



*पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी ने कहा वाई पूरन कुमार मरे नहीं, बल्कि शहीद हुए हैं। वाई पूरन दलितों के और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए आवाज उठाते थे। जो पिछड़े वर्ग के थे, उनकी पोस्टिंग और प्रमोशन को लेकर भी सरकार से मांग करते थे।*



*अंबाला के सांसद वरुण चौधरी ने कहा है कि, 'बिना परिवार की परमिशन के पार्थिव शरीर को चंडीगढ़ की सड़कों पर घुमाया जा रहा है।' डीजीपी कपूर को कब पद से हटाया जाएगा? 31 सदस्यों कि एक कमेटी बनाई गई है, आगे क्या करना वह वो तय करेगी।*



*कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हम सोनिया गांधी का संदेश भी लेकर आए थे। उन्होंने जो पत्र लिखा है, वो पीड़ित परिवार को सौंपा है। हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। अब तक हरियाणा सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। हम चाहते हैं कि इसमें सख्त एक्शन होना चाहिए।*

अमनीत ने पुलिस की 'जल्दबाजी' और शव के साथ 'अपमानजनक' व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जताई। अमनीत ने कहा, 'परिवार की सहमति बेकार है तो चंडीगढ़ पुलिस शव के साथ जो चाहे कर ले। मैं अब तक चुप रही हूं, लेकिन यह सब हाथ से बाहर हो गया है। इतनी जल्दबाजी क्यों? पुलिस अपनी करतूतों की सफाई दे।' उन्होंने आरोप लगाया कि शव को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते समय संभावित सबूत नष्ट हो सकते हैं, और इसकी पूरी जिम्मेदारी चंडीगढ़ पुलिस की होगी। परिवार ने घटनाक्रम से गहरा आघात महसूस किया है, जबकि शव अभी भी पीजीआई में है।

चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने कहा कि हम सब मॉर्चरी हाउस के पास हैं. परिवार की सहमति नहीं मिली है। सहमति के बाद ही पोस्टमार्टम होगा। फिलहाल हम इंतजार कर रहे हैं. बिना इजाजत के पोस्टमार्टम नहीं होगा. फिलहाल मामले की जांच भी जारी है. परिवार का सदस्य जैसे ही परमिशन देगा, पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### दोषी को बख्शा नहीं जाएगा : सीएम सैनी

पंचकूला में भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शनिवार को आईपीएस अधिकारी वाई पूरन सिंह के निधन पर शोक जताया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आईपीएस अधिकारी वाई पूरन सिंह के निधन को बड़ी दुखद दुर्घटना करार दिया।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जैसे ही जापान में आईपीएस अधिकारी वाई पूरन सिंह के निधन की सूचना मिली, हमने उनकी पत्नी का ढांढस बंधाया और अधिकारियों को उनके साथ घर भेजा। हमारी सरकार इस मामले की पूरी जांच कराएगी। उन्होंने कहा कि दोषी कितना ही रसूखदार क्यों ना हो, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। अगर किसी व्यक्ति को कोई तंग करेगा तो हम उसे बख्शेंगे नहीं। उन्होंने विपक्ष को नसीहत दी कि ऐसे मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। परिवार के साथ अन्याय हुआ है तो न्याय देने का काम हमारी सरकार करेगी।

### 11 महीने 7 दिन तक रहे रोहतक के एसपी बिजारणिया...

**रोहतक**| तेजतर्रार और कर्मठ छवि वाले आईपीएस नरेंद्र बिजारणिया ने रोहतक में 11 महीने 7 दिन तक एसपी का कार्यभार संभाला। वर्ष 2015 बैच के यह अधिकारी मूल रूप से राजस्थान के सीकर जिले के रहने वाले हैं। आईपीएस बनने से पहले वे सेंट्रल एक्साइज एंड कस्टम्स विभाग में कार्यरत थे। यूपीएससी परीक्षा पास करने के बाद उन्हें हरियाणा कैडर आवंटित हुआ और उन्होंने अपने पेशेवर रवैये व त्वरित एक्शन से प्रदेश पुलिस में अलग पहचान बनाई। **आनंदपाल एनकाउंटर ऑपरेशन में निभाई अहम भूमिका...** *साल 2017 में सिरसा में प्रशिक्षण के दौरान, बिजारणिया की पोस्टिंग डिंग थाना में थी। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि राजस्थान का कुख्यात गैंगस्टर आनंदपाल का भाई अपने साथियों के साथ इलाके में छिपा हुआ है। उन्होंने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस ऑपरेशन में बिजारणिया ने सक्रिय भूमिका निभाई और आनंदपाल के भाई विक्की व देवेंद्र को गिरफ्तार किया गया।*



नरेंद्र बिजारणिया

## दुष्कर्म मामले में हिमाचल बीजेपी अध्यक्ष का भाई पुलिस ने गिरफ्तार किया

युवती का आरोप... इलाज के बहाने किया गलत काम



बीजेपी पार्टी के अध्यक्ष का भाई को पुलिस पार्टी ने गिरफ्तार किया।

समर ब्यूरो | सोलन/शिमला

हिमाचल प्रदेश में रेप केस के आरोप में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के भाई और मशहूर वैद्य राम कुमार बिंदल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 81 वर्षीय बिंदल को शुक्रवार शाम सोलन पुलिस ने हिरासत में लिया और मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई। फिलहाल वे अस्पताल में भर्ती हैं और उनके विभिन्न मेडिकल टेस्ट जारी हैं। पुलिस के अनुसार, फिटनेस सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही उन्हें सोलन कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग की जाएगी। यह मामला 7 अक्टूबर का है। 25 वर्षीय एक युवती ने अगले दिन सोलन महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह लंबे समय से बीमार थी और इलाज के लिए बस स्टैंड के पास स्थित राम कुमार बिंदल के क्लिनिक में गई थी। युवती के अनुसार, बिंदल ने पहले उसकी नब्ज़ देखी और स्वास्थ्य के बारे में बात की, फिर यौन समस्याओं को लेकर सवाल पूछने लगे। इसके बाद उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह उसे "पूरी तरह ठीक" कर देंगे और जांच के बहाने उससे अशोभनीय हरकतें करने लगे। पीड़िता ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो बिंदल ने प्राइवेट पार्ट की जांच का बहाना बनाकर उसके साथ जबरदस्ती की कोशिश की। वह किसी तरह खुद को छुड़ाकर बाहर निकली। घटना के दौरान दुकान में कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। गौरतलब है कि आरोपी राम कुमार बिंदल सोलन के प्रसिद्ध वैद्य हैं और सनातन धर्म मंदिर ट्रस्ट के प्रधान भी हैं। वह लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं। उनके पिता बालमुकुंद बिंदल भी सोलन के मशहूर वैद्य रहे हैं।

- ***महिला आयोग ने मांगी रिपोर्ट...*** *इस मामले में हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया है। आयोग की चेयरपर्सन विद्या नेगी ने सोलन SP गौरव सिंह से फोन पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि आरोपी का संबंध राजनीतिक और प्रभावशाली परिवार से है, इसलिए बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। नेगी ने यह भी कहा कि प्रदेश BJP अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को भी जांच में सहयोग करना चाहिए, ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके।*
- **महिला कांग्रेस की मांग — "नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें बिंदल...** *घटना के बाद हिमाचल महिला कांग्रेस ने बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की है। महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष जैनब चंदेल ने कहा, "जब एक प्रभावशाली व्यक्ति का भाई इस तरह के गंभीर अपराध में शामिल है, तो बीजेपी की चुप्पी शर्मनाक है। पार्टी केवल नारों में 'बेटी बचाओ' कहती है, लेकिन अब वक्त आ गया है कि नारा बदला जाए — 'भाजपा से बेटी बचाओ।'" उन्होंने सरकार से पीड़िता को पुलिस सुरक्षा देने की मांग की, यह कहते हुए कि मामला हाई प्रोफाइल है और पीड़िता की जान को खतरा हो सकता है।*

# विपक्ष दल सेवा नहीं, बदले की भावना से सत्ता में आना चाहता: सीएम

## पंजाब सरकार की ओर से किए गए विभिन्न जन-हितैषी कदमों को गिनाया

समर ब्यूरो | बठिंडा

पंजाब सरकार के खिलाफ भ्रामक प्रचार के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहां कहा कि विपक्षी नेता लोगों की सेवा करने के बजाय केवल अपने निजी हितों की पूर्ति और बदला लेने के उद्देश्य से सत्ता में आना चाहते हैं। यहां रेलवे ओवरब्रिज (आर.ओ.बी.) को जनता को समर्पित करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी नेता राज्य की सेवा करने के बजाय हमारी विभिन्न जन-हितैषी पहलों के लिए हमें सबक सिखाने के उद्देश्य से सत्ता में वापसी की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के पास राज्य या इसके लोगों के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि वे केवल आम आदमी की आवाज को दबाने के लिए सत्ता हथियाना चाहते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन नेताओं ने अपने निजी राजनीतिक हितों के लिए राज्य के खजाने की भारी लूट की है, जिसके कारण लोगों ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक राजनीतिक दल उनसे ईर्ष्या करते हैं क्योंकि वे यह पचा नहीं पा रहे कि एक साधारण परिवार से संबंधित व्यक्ति राज्य को प्रभावी ढंग से चला रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक राजनीतिक दलों के जन-विरोधी और पंजाब-विरोधी रुख के कारण राज्य के लोगों का उन पर से विश्वास उठ गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के लोग पंजाब को बर्बाद करने या श्री हरमंदिर साहिब पर टैंकों-तोपों से हमला करने वाली इन पार्टियों को कभी माफ नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों को केवल लेना और लूटना आता है और ये नेता लोगों को उनका ही पैसा देना तो दूर, बल्कि अपने लिए अवैध तरीकों से धन इकट्ठा करने से भी नहीं हिचकते।



उन्होंने कहा कि क्या पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने डबवाली ट्रांसपोर्ट या सुख विलास के अपने कारोबार के बजाय 'गोलकों' का पैसा लोगों को बांटा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोग उनके दोहरे चरित्र से अच्छी तरह वाकिफ हैं और उनके द्वारा बांटे जा रहे नोटों को भी अच्छी तरह पहचानते हैं। सुखबीर के किसान होने के दावे पर कटाक्ष करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि अकाली नेता को यह रहस्य सबको खुलकर बताना चाहिए कि खेती करके इतना बड़ा ट्रांसपोर्ट कारोबार और होटल कैसे बनाए जा सकते हैं।

# शिकार पर शिंकजा, वन विभाग ने तैयार की टीमें, नहीं बक्शे जाएंगे शिकारी

समर ब्यूरो | चंबा

चंबा जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीजन की पहली बर्फबारी के साथ ही शिकारियों की सक्रियता बढ़ने लगी है। ऐसे में वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। विभाग ने रेंज स्तर पर विशेष टीमें गठित की हैं, जो अवैध शिकारियों पर कड़ी निगरानी रखकर उनकी धरपकड़ करेंगी। वन विभाग के अनुसार, इससे पहले भी कई मामलों में अवैध शिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। वन्यजीवों का शिकार वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। इसीलिए विभाग अब जंगलों के अंदर और सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष नाके लगाने की तैयारी कर रहा है, ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर तुरंत रोक लगाई जा सके। वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) चंबा कृतज्ञ ठाकुर ने बताया कि सर्दियों के मौसम में शिकार की घटनाएं सामान्य से अधिक बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने अब तक कई मामलों में शिकारी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और कई प्रकरण पुलिस में दर्ज करवाए गए हैं। सर्दियों में शिकार की घटनाएं बढ़ जाती हैं। हमने कई लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है और नए सीजन में भी किसी को बख्शा नहीं जाएगा। रेंज स्तर पर विशेष टीमें गठित की गई हैं जो अवैध शिकार की धरपकड़ में लगी रहेंगी। जो लोग जानबूझकर शिकार करते हैं, उनके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।



वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ ठाकुर

घपला... रिलायंस पावर के सीएफ़ओ अशोक कुमार पाल 68.2 करोड़ की फर्जीवाड़े में गिरफ्तार

# इडी ने रिलायंस पावर के सीएफओ एके पाल को किया काबू, 68 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी और इनवॉइसिंग का आरोप

नई दिल्ली | समर ब्यूरो

प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रिलायंस पावर लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) अशोक कुमार पाल को 68.2 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी और इनवॉइसिंग मामले में गिरफ्तार किया है। यह मामला अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप (एडीए) से जुड़ा बताया जा रहा है। इडी ने शुक्रवार देर रात (10 अक्टूबर) को पूछताछ के बाद पाल को अरेस्ट किया। शनिवार (11 अक्टूबर) को उन्हें दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन की ईडी कस्टडी में भेजा गया है। एजेंसी सोमवार, 13 अक्टूबर को उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश करेगी। इडी का आरोपः अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों को दिए गए संदिग्ध लोन ईडी के मुताबिक, अशोक कुमार पाल ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड से 12,524 करोड़ के लोन मंजूर किए, जिनमें से अधिकतर रकम अनिल अंबानी ग्रुप की अन्य कंपनियों को ट्रांसफर की गई। जांच एजेंसी का कहना है कि पाल ने फर्जी दस्तावेजों को मंजूरी दी और फंड्स को अनुचित तरीके से डायवर्ट किया।

### सीबीआई ने यस बैंक फ्रॉड केस में सितंबर में दायर की थी चार्जशीट



सीएफओ एके पाल

इससे पहले सीबीआई ने 18 सितंबर को यस बैंक फ्रॉड केस में अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ दो अलग-अलग चार्जशीट दाखिल की थीं। जांच में सामने आया कि अंबानी की ग्रुप कंपनियों और यस बैंक के पूर्व सीइओ राणा कपूर के परिवार से जुड़ी कंपनियों के बीच फर्जी लेनदेन हुए, जिनसे बैंक को करीब 2,796 करोड़ का नुकसान हुआ। सीबीआई के अनुसार, राणा कपूर ने अपनी पद का दुरुपयोग कर यस बैंक के फंड्स को अंबानी की वित्तीय रूप से कमजोर कंपनियों आरसीएफएल और आरएचएफएल में निवेश किया। बदले में, अंबानी ग्रुप ने कपूर परिवार की कंपनियों को कम ब्याज पर लोन और निवेश मुहैया कराया। इसे जांच एजेंसी ने लेन-देन का सौदा करार दिया। शिकायत 2022 में दर्ज हुई थी सीबीआई ने यह केस 2022 में यस बैंक के चीफ विजिलेंस ऑफिसर की शिकायत पर दर्ज किया था। चार्जशीट भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत दाखिल की गई है, जो धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग से जुड़ी हैं। चार्जशीट में अनिल अंबानी के अलावा, राणा कपूर, बिंदु कपूर, राधा कपूर, रोशनी कपूर, तथा उनकी संबंधित कंपनियां आरसीएफएल और आरएचएफएल, आरएबी एंटीप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, ब्लिस हाउस प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन हेबीटेट प्राइवेट लिमिटेड, इमेजिन रेसीडेंस प्राइवेट लिमिटेड और मॉर्गन क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड को भी आरोपी बनाया गया है।

***अगस्त में अनिल अंबानी से भी हुई थी पूछताछ...*** *ईडी ने इसी जांच के सिलसिले में अगस्त 2024 में अनिल अंबानी को भी पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके बाद एजेंसी ने मुंबई में 35 स्थानों पर छापेमारी की थी, जिसमें लगभग 50 कंपनियां और 25 लोग शामिल थे।*

## मां-बेटी से दुष्कर्म का मामला : एसएचओ निलंबित, महिला आयोग का एसएसपी को नोटिस जारी, 13 तक मांगी रिपोर्ट

समर ब्यूरो | जालंधर

नाबालिग पीड़िता और उसकी मां से दुष्कर्म के मामले में लापरवाही बरतने और अनुचित व्यवहार के आरोपों में थाना फिल्लौर के एसएचओ भूषण कुमार को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता अपनी मां के साथ न्याय की मांग के लिए थाने पहुंची थी, लेकिन वहां एसएचओ ने कथित तौर पर उनके साथ अशोभनीय हरकतें कीं। मामला मीडिया में उजागर होने के बाद पुलिस विभाग की छवि को हुए नुकसान को देखते हुए एसएसपी हरविंदर सिंह वर्क ने भूषण कुमार को लाइन हाजिर कर निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं। इस बीच, पंजाब राज्य महिला आयोग ने भी इस घटना का कड़ा संज्ञान लिया है और एसएसपी को नोटिस जारी कर 13 अक्टूबर सुबह 11 बजे तक मामले की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में यह स्पष्ट दिख रहा है कि भूषण कुमार ने आरोपित पर कार्रवाई करने की बजाय पीड़िता और उसकी मां के साथ अश्लील हरकतें कीं। वहीं, लोक इंसाफ मंच के अध्यक्ष कामरेड जरनैल सिंह और रामजी दास ने प्रशासन को 15 अक्टूबर तक का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि आरोपी एसएचओ पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे। एसएसपी हरविंदर सिंह वर्क ने पुष्टि की कि भूषण कुमार को निलंबित कर दिया गया है और कहा कि महिला आयोग को समय पर रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

## शिक्षा मंत्री बैंस ने श्रद्धालुओं की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेल मंत्री को पत्र लिखा

# श्री आनंदपुर साहिब के लिए विशेष रेल चलाने, वंदे भारत सेवाओं को दोगुना करने की मांग की

चंडीगढ़ | समर ब्यूरो



श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के मद्देनज़र, पंजाब के शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने केंद्रीय रेल मंत्रालय से पवित्र नगरी श्री आनंदपुर साहिब के लिए रेल सेवाएँ बढ़ाने की मांग की है, ताकि नौवें पातशाह और उनके अनन्य सेवक भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी की अद्वितीय कुर्बानियों को नमन करने के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू को लिखे पत्र में शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले इन ऐतिहासिक समागमों में एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उन्होंने अपने पत्र में नई दिल्ली से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवाओं को 15 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक दोगुना करने की मांग की। साथ ही उन्होंने देशभर के प्रमुख धार्मिक केंद्रों तख्त श्री पटना साहिब, तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र), श्री अमृतसर साहिब और अन्य प्रमुख शहरों से विशेष यात्री रेलगाड़ियाँ चलाने की भी अपील की, ताकि 22 से 25 नवंबर 2025 तक श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले विशाल आयोजनों में आने-जाने वाली संगत को कोई कठिनाई न हो।

श्री आनंदपुर साहिब की धार्मिक और ऐतिहासिक महत्ता को रेखांकित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह नगरी श्री गुरु तेग बहादर जी द्वारा बसाई गई थी, जहाँ अत्याचार झेल रहे कश्मीरी पंडितों ने शरण और सुरक्षा की मांग की थी। इसी धरती से गुरु साहिब ने मानवता और अंतरात्मा की स्वतंत्रता के लिए दिल्ली की ओर अपनी अंतिम यात्रा आरंभ की थी। बाद में, गुरु जी का पवित्र शीश भाई जैता जी (बाबा जीवन सिंह जी) द्वारा अत्यंत श्रद्धा से श्री आनंदपुर साहिब वापस लाकर अंतिम संस्कार किया गया, जिससे यह भूमि विश्व इतिहास के सबसे पूजनीय अध्यायों में से एक की जीवंत मिसाल बन गई। स बैंस ने कहा, "यह पवित्र भूमि उस कुर्बानी का जीवंत प्रतीक है जिसने हमारे राष्ट्र की नींव को परिभाषित किया। इसलिए हमारा पवित्र कर्तव्य है कि हम यह सुनिश्चित करें कि इस ऐतिहासिक अवसर पर माथा टेकने की इच्छा रखने वाला हर श्रद्धालु निर्बाध रूप से यहाँ पहुँच सके। शिक्षा मंत्री ने श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को धार्मिक स्वतंत्रता और मानव मूल्यों के लिए गुरु जी की अद्वितीय शहादत को स्मरण करने का पावन अवसर बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वंदे भारत एक्सप्रेस दिल्ली से श्री आनंदपुर साहिब होते हुए अंब अंदौरा तक जाती है, इसलिए इस ऐतिहासिक अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इसकी सेवाओं की आवृत्ति दोगुनी की जानी चाहिए। अंत में स बैंस ने कहा कि यह पहल केवल यातायात व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह नैतिक साहस और धार्मिक एकता को सम्मान देने का कार्य है। उन्होंने कहा, "सभी धर्मों के अधिकारों की रक्षा के लिए शहादत देने वाले गुरु साहिब के चरणों में नतमस्तक होने वाली संगत को सुगम यात्रा सुविधा प्रदान करके हम उस सर्वोच्च नैतिक बहादुरी का सम्मान करते हैं जो हमारे बहुलतावादी राष्ट्र की आधारशिला है।

# मालवा क्षेत्र से दो नगर कीर्तन आयोजित किए जाएंगेः बैंस

## बैंस, ई.टी.ओ., सौंद ने मालवा क्षेत्र में तैयारियों का लिया जायजा



समर ब्यूरो। चंडीगढ़

-संपूर्ण पंजाब में श्री गुरु तेग़ बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस की तैयारियों के संबंध में पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने अपने कैबिनेट साथियों के साथ फरीदकोट, फिरोजपुर, मोगा, लुधियाना और फतेहगढ़ साहिब जिलों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठकें कीं। इन बैठकों में मालवा के फरीदकोट से आयोजित होने वाले नगर कीर्तन के सुरक्षित और सुचारू प्रबंधन पर चर्चा हुई। फरीदकोट जिला अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मीडिया से संवाद में स हरजोत सिंह बैंस, लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ., सांस्कृतिक एवं पर्यटन मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सौंद और विभाग के सलाहकार दीपक बाली ने बताया कि मालवा क्षेत्र से दो नगर कीर्तन आयोजित किए जाएंगे। पहला नगर कीर्तन फरीदकोट से शुरू होकर फिरोजपुर, मोगा, लुधियाना और फतेहगढ़ साहिब को कवर करेगा, जबकि दूसरा तख़्त श्री दमदमा साहिब से प्रारंभ होकर मुख्य जिलों से गुज़रते हुए 22 नवम्बर की शाम को श्री आनंदपुर साहिब पहुँचेगा। हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की कि सभी जिलों में नगर कीर्तन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 से 18 नवम्बर तक पंजाब के सभी 23 जिलों में 9वें पातशाह के जीवन और उनके अनुयायियों भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दियाला जी को समर्पित लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, गुरु साहिब की 'चरण छोह' प्राप्त 130 पवित्र स्थलों पर कीर्तन दरबार लगाए जाएंगे। मंत्री बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार 'हिंद की चादर' कार्यक्रम के तहत श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी की शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए इस ऐतिहासिक दिवस को बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया, "हम विकास परियोजनाओं, सड़क संबंधित कार्यों और लॉजिस्टिक सहायता समेत सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं ताकि इन आयोजनों का निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए हम डिप्टी कमिश्नरों, स्थानीय विधायकों और प्रमुख धार्मिक नेताओं के साथ समन्वय कर रहे हैं।" बैंस ने कहा कि गुरु साहिब के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित मुख्य धार्मिक समारोह 23 से 25 नवम्बर तक श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होंगे, जिसमें विश्वभर से 1 करोड़ से अधिक संगतों के आने की संभावना है। आने वाली संगतों के लिए "चक्क नानकी" में टेंट सिटी स्थापित की जाएगी, जिसमें 19 से 30 नवम्बर तक प्रतिदिन 11,000 से अधिक संगतों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। लोगों से ऐतिहासिक आयोजनों में भाग लेने की अपील करते हुए, हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि गुरु तेग बहादर साहिब जी का 350वां शहीदी दिवस लोगों को धर्मनिरपेक्षता, दया और मानवतावाद के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा। गुरु साहिब की शहादत सभी को पवित्र मान्यताओं का सम्मान करते हुए धर्म के प्रति दृढ़ रहने का सदैव संदेश देती है। इस दौरान, कैबिनेट मंत्रियों ने मोगा जिला प्रशासन को 31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन को अपग्रेड करने और ट्रैफिक लाइटों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# अमृतसर में सरहद पार से हथियारों की तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ः अत्याधुनिक पिस्तौल समेत तीन गिरफ्तार

समर ब्यूरो । अमृतसर




मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के तहत, खुफिया जानकारी के आधार पर की गई एक कार्रवाई में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने पाकिस्तान से जुड़े सरहद पार हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए उसके तीन सदस्यों को आठ आधुनिक पिस्तौलों समेत गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहाँ पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान महेश उर्फ आशू मसीह और अंग्रेज सिंह (दोनों निवासी गाँव माड़ी मेघा, जिला तरन तारन) तथा अर्शदीप सिंह (निवासी भिखीविंड, तरन तारन) के रूप में हुई है। बरामद हथियारों में तीन 9 एमएम पिस्तौल और पाँच .30 बोर पिस्तौल (मैगजीन सहित) शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने उनका हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त कर लिया है, जिसका उपयोग वे हथियारों की खेप पहुँचाने में कर रहे थे। डीजीपी ने बताया कि सीआई अमृतसर को यह खुफिया सूचना मिली थी कि भारत-पाकिस्तान सीमा से गैरकानूनी हथियारों की एक बड़ी खेप ड्रोन के ज़रिए गाँव माड़ी कांबोके (थाना खालड़ा, जिला तरन तारन) के क्षेत्र में गिराई गई है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआई अमृतसर की पुलिस टीम ने गाँव भूसे (अमृतसर ग्रामीण) के पास तीनों आरोपियों को घेरकर अवैध हथियारों की खेप समेत गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें वे अमृतसर के घरिंडा इलाके में किसी व्यक्ति को सौंपने जा रहे थे। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों महेश उर्फ आशू मसीह और अंग्रेज सिंह पर पहले भी थाना एसएसओसी अमृतसर में आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं, जिनमें उनके पास से पहले भी पाँच पिस्तौल बरामद की गई थीं। उन्होंने बताया कि इस मामले में पूरे नेटवर्क और इसके विदेशी संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। इस संबंध में थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धाराएँ 25, 25(1)(A) और 25(1)(B) व भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस ) की धारा 61(2) के अंतर्गत एफआईआर नंबर 59, दिनांक 11-10-2025 दर्ज की गई है।

# पंजाब सरकार ने सरकारी इमारतों के निर्माण कार्यों में तेजी लाई, लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने प्रोजेक्ट निर्धारित समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश

समर ब्यूरो । चंडीगढ़



पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के लोगों को बेहतर जनसेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से जनसुविधाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और उच्च गुणवत्ता तथा पारदर्शिता के साथ निधियों के उपयोग को सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सभी कार्यशील प्रोजेक्टों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करना है, ताकि जनता को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। लोक निर्माण मंत्री ने आज राज्यभर में विभिन्न सरकारी विभागों के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा संचालित व्यापक भवन निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस समय लगभग 2097.03 करोड़ रुपये की लागत वाले प्रोजेक्ट निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से 915.55 करोड़ रुपये की राशि पहले ही कार्यकारी एजेंसियों को जारी की जा चुकी है। अधिक जानकारी देते हुए स हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की देखरेख में कुल 211 सरकारी इमारतों का निर्माण कार्य चल रहा है। इनमें उच्च शिक्षा विभाग के 35 प्रोजेक्ट (कुल लागत 477.13 करोड़ रुपये) के साथ सबसे आगे है, इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के 39 भवन (कुल लागत 565.87 करोड़ रुपये) और राजस्व विभाग के 32 प्रोजेक्ट (कुल लागत 237.76 करोड़ रुपये) हैं। मंत्री को यह भी बताया गया कि इन भवनों की योजना और डिज़ाइन आर्किटेक्चरल विभाग द्वारा तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग की देखरेख में 13 स्कूल शिक्षा प्रोजेक्ट (119.37 करोड़ रुपये) और तकनीकी शिक्षा विभाग की 11 इमारतें (52.33 करोड़ रुपये) निर्माणाधीन हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के विभाग के 84.13 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट और खेल विभाग की 16 इमारतें (110.66 करोड़ रुपये) भी तेजी से बन रही हैं। इस से बेहतर जनसेवाएं प्रदान करने के लिए गृह मामलों के प्रशासनिक विभाग के 83.92 करोड़ रुपये के दो प्रोजेक्ट भी प्रगति पर हैं। अन्य परियोजनाओं की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि इंदर कुमार गुजराल पी.टी.यू. के 56.82 करोड़ रुपये लागत वाले पांच प्रोजेक्ट, एस.आई.पी.डी.ए. के 33.43 करोड़ रुपये के 12 प्रोजेक्ट, और विभिन्न विभागों की 45 इारतों पर 275.61 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने और सभी प्रोजेक्टों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकासात्मक कार्य पंजाब को बेहतर बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रशासन और नागरिक सुविधा के नए युग की ओर ले जा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया



परदीप सिंह हैप्पी । मोहाली

कृषि विज्ञान केंद्र, एस.ए.एस. नगर मोहाली उपनिदेशक डॉ. बलबीर सिंह खद्दा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत गांव अकालगढ़ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दोरान किसान भाइयों और बहनों को धन-धान्य कृषि विकास योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण आदि कृषि परियोजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) के उपनिदेशक डॉ. बलबीर सिंह खद्दा ने किसान भाइयों और बहनों को भारत सरकार व पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही विभीन्न कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मुनीश शर्मा ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। डॉ. हरमीत कौर ने पराली प्रबंधन के बारे में किसानों को जागरूक किया और डॉ. पारुल गुप्ता ने खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धित उत्पादों के बारे में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम में गांव अकालगढ़ के सरपंच सरदार गुरजंट सिंह ने किसान भाइयों और बहनों को कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़कर आधुनिक खेती व पशुपालन का धंधा अपनाकर अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान अकालगढ़ तथा जिले के विभिन्न गांवों से किसान भाइयों और बहनों ने भाग लिया।

# पंजाब पुलिस ने 2.8 किलो हेरोइन, 2.9 किलो आई सी ई, 24 किग्रा अफीम समेत 94 नशा तस्कर पकड़े

चंडीगढ़ | समर ब्यूरो



गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 2.8 किलो हेरोइन,

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य में नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई नशा विरोधी मुहिम "युद्ध नशों विरुद्ध" लगातार 224वें दिन भी जारी है। इसी कड़ी में आज पंजाब पुलिस ने 325 स्थानों पर छापामारी की, जिसमें राज्य भर में 65 एफ आई आर दर्ज कर 94 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इससे अब तक 224 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 32,683 हो गई है। इस छापेमारी में 2.9 किलो आई सी ई, 24.2 किलो अफीम, 293 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 1.22 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने का निर्देश दिया है। युद्ध नशों विरुद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया गया है। इस ऑपरेशन के दौरान 71 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमें राज्य भर में 325 छापे मार रही थीं। पूरे दिन चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 336 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की। राज्य सरकार ने नशों के खात्मे के लिए त्रि-स्तरीय रणनीति अपनाई है, इंफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी)। इसी डी-एडिक्शन हिस्से के तहत आज 37 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास के इलाज के लिए राज़ी किया गया।

# ए.डी.जी.पी. वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने डी.जी.पी. चंडीगढ़ से रिपोर्ट तलब की

चंडीगढ़ | समर ब्यूरो



पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने हरियाणा के एडीजीपी वाई पूरन कुमार द्वारा हाल ही में चंडीगढ़ में की गई आत्महत्या के मामले में स्वयं संज्ञान (सुओ मोटू नोटिस) लेते हुए चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से रिपोर्ट तलब की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन सरदार जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि यह मामला अखबारों के माध्यम से उनके संज्ञान में आया, जिस पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने डीजीपी चंडीगढ़ को निर्देश दिया है कि इस मामले से संबंधित रिपोर्ट, मृत अधिकारी का सुसाइड नोट, तथा उनकी पत्नी अमनीत कौर द्वारा दी गई शिकायत पर अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट एडीजीपी स्तर के अधिकारी के माध्यम से पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग को 13 अक्तूबर 2025 तक प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही, पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी 13 अक्तूबर 2025 (सोमवार) को पीड़ित परिवार के घर जाकर उनसे मुलाकात भी करेंगे।

# 641 करोड़ का ग्रीन पावर पंच! नाभा पावर संग मान सरकार का क्लीन एनर्जी विज़न, 24x7 सस्ती बिजली और हज़ारों नौकरियां

चंडीगढ़ | समर ब्यूरो

पंजाब सरकार मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में साफ ऊर्जा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रही है। साफ ऊर्जा को राज्य की तरक्की का मुख्य आधार बनाकर सरकार पर्यावरण की रक्षा कर रही है और लाखों युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा कर रही है। इस दिशा में नाभा पावर लिमिटेड (एनपीएल) की 641 करोड़ की बिजली उत्पादन परियोजना पंजाब की हरित क्रांति में एक चमकता सितारा है। यह परियोजना सस्ती और साफ बिजली के साथ-साथ 500 नौकरियां लाएगी, जिससे पंजाब का भविष्य स्वच्छ और समृद्ध बनेगा। हाल ही में शुरू की गई योजनाओं के साथ पंजाब साफ ऊर्जा क्षमता हासिल करने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है, जो राज्य



को आर्थिक रूप से मजबूत और लगातार विकास की गारंटी देगा। नाभा पावर लिमिटेड, जो लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है, ने पटियाला के राजपुरा में अपने 1,400 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट को सौर ऊर्जा के साथ मिश्रित (हाइब्रिड) मॉडल में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

इस 641 करोड़ की परियोजना में सौर ऊर्जा को थर्मल संयंत्र के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे प्रदूषण में 15 प्रतिशत की कमी आएगी और पर्यावरण की रक्षा होगी। यह परियोजना 500 नई नौकरियां पैदा करेगी, जिनमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। यह योजना पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के साथ 25 साल के पावर खरीद समझौते के तहत चलेगी, जिससे पंजाब को सस्ती और साफ बिजली मिलेगी। यह परियोजना दिसंबर 2025 तक शुरू होगी और 2026 तक चरणबद्ध तरीके से पूरी होगी, जिससे पंजाब की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में महत्वपूर्ण इजाफा होगा। नाभा पावर के इस प्रोजेक्ट से राज्य की औद्योगिक व्यवस्था को नई ताकत मिलेगी।

राजपुरा का थर्मल प्लांट पहले से ही पंजाब की बिजली जरूरतों का बड़ा हिस्सा पूरा करता है, जो गैर-पीक सीजन में 40 प्रतिशत और पीक सीजन में 20 प्रतिशत बिजली देता है। सौर ऊर्जा के एकीकरण से यह प्लांट पर्यावरण के लिए और बेहतर बनेगा। 2025 में केंद्र सरकार के सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने एनपीएल को पर्यावरण संरक्षण के लिए पुरस्कार दिया है, जो इसकी हरित प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह परियोजना पंजाब की साफ ऊर्जा पहल को मजबूत करते हुए देश के घरेलू निवेश और भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों की ताकत को रेखांकित करती है। पंजाब सरकार की अन्य साफ ऊर्जा योजनाएं भी इस दिशा में जोर-शोर से चल रही हैं। 66 नई सौर संयंत्रों की योजना दिसंबर 2025 तक 264 मेगावाट साफ बिजली देगी, जिससे हर साल 40 करोड़ यूनिट बिजली बनेगी और 176 करोड़ रुपये की कृषि सब्सिडी बचेगी। इस योजना से 1,056 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 500 से ज्यादा नौकरियां बनेंगी। पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पीडा) ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), बैंगलोर के साथ धान की पराली से साफ हाइड्रोजन ईंधन बनाने के लिए समझौता किया है, जो पर्यावरण संरक्षण में एक क्रांतिकारी कदम है। 40 मेगावाट की नहर-शीर्ष सौर परियोजना पानी की बचत के साथ बिजली बनाएगी। साफर कंपनी के साथ फाजिल्का और फिरोजपुर में सौर फार्म बन रहे हैं, जो और निवेश लाएंगे। 4,238 सरकारी स्कूलों में सौर पैनल लगाकर 2.89 करोड़ यूनिट बिजली बन रही है। रूफटॉप सोलर से 63.5 मेगावाट संयंत्र लग चुके हैं, और 3,000 आवेदन लंबित हैं। पीडा ने 815.5 मेगावाट के सौर संयंत्र लगाए हैं, जो बिजली की हानि कम कर रहे हैं। 5,000 करोड़ रुपये की बिजली ढांचा योजना से अगले साल बिजली कटौती खत्म हो जाएगी। इन सभी योजनाओं से 2,000 से ज्यादा नौकरियां बन चुकी हैं, और 2025 के अंत तक यह संख्या दोगुनी होगी। साफ ऊर्जा मंत्री अमान अरोड़ा ने कहा, "नाभा पावर की यह परियोजना पंजाब की हरित क्रांति का एक बड़ा कदम है।

### पंजाब का एआई-आधारित स्ट्रोक प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल मॉडल के रूप में उभरा 700 से अधिक स्ट्रोक मरीजों का किया गया परीक्षण

# छह मशीनी थ्रोम्बेक्टॉमी सेवाएं मुफ्त प्रदान की गईं: मंत्री डॉ. बलबीर

चंडीगढ़ | समर ब्यूरो

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की प्रतिबद्धता के अनुरूप सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब का एआई-आधारित स्ट्रोक प्रोजेक्ट पंजाब को जीवन-रक्षक चिकित्सीय देखभाल के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) के उपयोग में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करने में सफल रहा है। यह महत्वपूर्ण हब-एंड-स्पोक मॉडल, जिसे पंजाब सरकार, सी एम सी लुधियाना, क्योर.ए आई और मेड्रोनिक के सहयोग से लागू किया गया, सकारात्मक परिणाम दे रहा है और आपातकालीन उपचार के लिए एक नया राष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है। इस प्रोजेक्ट की उपलब्धियों की सराहना करते हुए पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि लागू होने के कुछ महीनों में ही इस नवोन्मेषी नेटवर्क ने 700 से अधिक संदिग्ध स्ट्रोक मरीजों का परीक्षण किया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस प्रणाली ने छह मरीजों को मशीनी थ्रोम्बेक्टॉमी जैसी जटिल, मस्तिष्क में रक्त के थक्के हटाने वाली प्रक्रिया पूरी तरह मुफ्त प्रदान की। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि



इस प्रोजेक्ट के माध्यम से हम न केवल जान बचा रहे हैं बल्कि गंभीर विकलांगता के मामलों की रोकथाम भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार मरीजों को मशीनी थ्रोम्बेक्टॉमी सुविधा पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध करा रही है, जिसकी लागत निजी अस्पतालों में लगभग 5 से 6 लाख रुपए होती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वित्तीय कठिनाइयाँ मरीज की रिकवरी और नई जिंदगी पाने के रास्ते में बाधा न बनें। इस प्रोजेक्ट के तहत स्पोक सेंटर – होशियारपुर, लुधियाना, संगरूर और सरकारी मेडिकल कॉलेज पटियाला के जिला अस्पताल – में आने वाले संदिग्ध स्ट्रोक मरीजों का तत्काल सी टी स्कैन किया जाता है। इसके बाद स्कैन का विश्लेषण क्योर.ए आई की आधुनिक एआई तकनीक द्वारा मिनटों में किया जाता है, और परिणाम तुरंत सेंट्रल हब, सी एम सी लुधियाना में विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट टीम के साथ साझा किए जाते हैं। डॉ. जैराज पांडियन, डॉ. ईवी सेबेस्टियन और डॉ. राजेश्वर सहोता की अगुवाई में यह विशेषज्ञ टीम स्पोक सेंटर पर डॉक्टरों को रीयल-टाइम गाइडेंस और आवश्यक जानकारी प्रदान करती है। जिन मरीजों को तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है, उन्हें जीवन-रक्षक सेवाएँ देने के लिए तुरंत और सुचारू ढंग से सी एम सी लुधियाना स्थानांतरित किया जाता है।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के प्रारंभिक परिणाम बहुत उत्साहजनक हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह एक क्रांतिकारी मॉडल है जो नागरिकों को उनकी आवश्यकता के समय तुरंत गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करता है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार इस सफल पहल का विस्तार पूरे राज्य में करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है, ताकि सभी के लिए विश्व स्तरीय स्ट्रोक केयर सेवाएँ सुनिश्चित की जा सकें।

## मुख्यमंत्री ने युवक मेलों के माध्यम से नौजवानों की असीम ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने की वकालत की

### बरनाला को बताया "पंजाब की साहित्यिक राजधानी"

अशवनी पाहवा | बरनाला

पंजाब के मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि नौजवानों की अपार ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना समय की आवश्यकता है, ताकि वे देश और राज्य की सामाजिक-आर्थिक तरक्की में समान भागीदार बन सकें।बरनाला के एस.डी. कॉलेज में आयोजित क्षेत्रीय युवक मेले में भागीदारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे शहीद भगत सिंह और देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अन्य क्रांतिकारी नायकों से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि इन युवा नायकों के आदर्श और बलिदान आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, जो उन्हें देश की निस्वार्थ सेवा के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार युवाओं के कल्याण के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहाँ एक ओर युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे हवाई अड्डों के रनवे विमान को सुचारू रूप से उड़ान भरने में मदद करते हैं, वैसे ही पंजाब सरकार युवाओं को उनके सपनों को साकार करने के लिए मजबूत मंच प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं के सपनों को पंख देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और इस नेक कार्य में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें और ऊँचाइयों को छूने का लक्ष्य रखें। मान ने यह भी कहा कि युवाओं को अपनी सफलता पर गर्व अवश्य होना चाहिए, परंतु अहंकार से दूर रहकर और अधिक परिश्रम करने का संकल्प रखना चाहिए। आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच व्यक्ति के गुण होने चाहिए, पर इनमें अहंकार या घमंड का स्थान नहीं होना चाहिए। अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवक मेले युवाओं के व्यक्तित्व विकास के उत्कृष्ट मंच होते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों ने उन्हें एक कलाकार के रूप में निखारा और आगे चलकर राजनीतिक जीवन में ऊँचाइयाँ प्राप्त करने में सहायता दी। मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रेरित किया कि वे इन मंचों का उपयोग अपने सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए करें। मुख्यमंत्री ने साझा किया कि उन्होंने अपने कॉलेज के समय में विभिन्न युवक मेलों में भाग लेकर कई ट्रॉफियाँ जीतीं। उन्होंने कहा कि "जीतना मेरा जुनून था", और हमेशा उनके भीतर जीतने की सकारात्मक सोच बनी रही। श्री मान ने युवाओं से अपील की कि वे जमीन से जुड़े रहें और मेहनत पर भरोसा रखें, क्योंकि यही सफलता की एकमात्र कुंजी है। बरनाला की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जिला भौगोलिक रूप से भले ही छोटा है, परंतु इसका योगदान पंजाब की सांस्कृतिक और साहित्यिक पहचान में अत्यंत बड़ा है। उन्होंने कहा कि संत राम उदासी, राम सरूप अंखी, ओम प्रकाश गासो, बलवंत गार्गी, तथा परजा मंडल आंदोलन के संस्थापक सेवा सिंह ठीकरीवाला, मेघ राज मित्र और अन्य अनेक प्रसिद्ध साहित्यकार इसी जिले से संबंध रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हीं महान हस्तियों के कारण बरनाला को लंबे समय से "पंजाब की साहित्यिक राजधानी" के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एस.डी. कॉलेज के योगदान की भी सराहना की, जिसने अनेक ऐसे विद्यार्थियों को निखारा जिन्होंने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान पंजाब के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह कॉलेज भविष्य में भी इसी समर्पण और उत्साह के साथ समाज सेवा का कार्य करता रहेगा।

## पटियाला एसटीएफ ने लुधियाना में दी दबिश, भारी मात्रा में नशा और नगदी बरामद

अशवनी पाहवा | लुधियाना

शनिवार की दोपहर पटियाला से एसटीएफ की टीम ने लुधियाना के किशोर नगर स्थित गली नंबर 6 में एक घर पर दबिश दी। बताया जा रहा है कि उक्त घर में से एसटीएफ की टीम को बड़ी मात्रा में नशा व नगदी बरामद हुई है, फिलहाल कोई भी अधिकारी इस मामले में कुछ भी नहीं बोल रहा है। शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे से लेकर रात 10 बजे तक यह रेड चलती रही। बताया जा रहा है कि उक्त घर में दंपति अपने दो बच्चों के साथ रहता था। परिवार के मुखिया व्यक्ति पर पहले भी नशा तस्करी का मामला दर्ज है, पटियाला पुलिस ने उसके छोटे भाई को नशा तस्करी के मामले में पकड़ा था। जिसकी निशानदेही ही पर आज लुधियाना में उनके घर पर रेड की है। रेड के दौरान इलाके में दहशत का माहौल बना रहा।



## स्कोर्पियो कार सवार युवकों ने बीच सड़क चलाई गोलियां, पुलिस कर रही जांच

लुधियाना| समर ब्यूरो

जालंधर बाईपास रोड पर शनिवार की रात एक काले रंग की स्कोर्पियो कार सवार युवकों ने बीच सड़क पर चलती कार में से अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि कार में सवार युवकों ने 8 से 10 फायर किये है। पुलिस के अनुसार यह घटना जालंधर बाईपास से घंटाघर साइड की तरफ जा रही एक स्कोर्पियो कार में हुई। गाड़ियों में बैठे युवकों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। लोगों के मुताबिक फायरिंग करने वाले युवक काले रंग की स्कोर्पियो कार में सवार थे। फिलहाल इस फायरिंग वाली घटना में किसी के भी घायल होने की सूचना अभी तक नहीं मिली है। पुलिस जालंधर बाईपास में लगे सेफ सिटी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुट चुकी है।



### केन्द्र ने रुस भेजें गए प्रतिनिधि मंडल में पंजाब का नेतृत्व कर रहे गुरुदीप सिंह गोशा ने रुस पहुंच कर भारतीय झंडा से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई

## स्वदेशी जागरण मंच भारत दे व्यापारियों के लिए हर संभव मदद को तैयार

समर ब्यूरो| दलजीत विक्की

अमेरिकन्स राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ वार पर भारत सरकार ने अपनी शर्तों पर भारतीय किसानों व खुदरा व्यापार व अन्य उघोगिक इकाईयों के हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय उत्पादकों की निर्यात क्षमता को प्रोत्साहित करने हेतु केन्द्र सरकार के सहयोग से स्वदेशी जागरण मंच द्वारा व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल उज़्बेकिस्तान व रुस भेजा गया इस प्रतिनिधि मंडल में पंजाब प्रदेश की और से इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व की जिम्मेदारी स गुरदीप सिंह गोशा पैनलिस्ट भारतीय जनता पार्टी पंजाब निभा रहे हैं भारत उज़्बेकिस्तान व रुस का आपसी फ्री ट्रेड एंग्रीमेंट पर आधारित आयात व निर्यात में गतिरोध समाप्त हो हमारे देश के यश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एक सशक्त पक्षधर हैं इस प्रतिनिधि मंडल को यह समझना है कि भारत और EAEU अर्थात यूरेशियन इकनॉमिक यूनियन जिसमें रुस कज़ाकिस्तान किर्गिस्तान बेलारूस आर्मेनिया इसका उद्देश्य माल, सेवाओं, पूंजी और श्रम की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित




करना, सदस्य अर्थव्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण करना और जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए एक एकीकृत एकल बाज़ार और स्थिर विकास को बढ़ावा देना है इस प्रतिनिधि मंडल द्वारा यह समझना होगा कि यद्यपि भारत सरकार भविष्य में यह एंग्रीमेंट करती है तो भारतीय उघोगिक इकाईयों को क्या नफा नुकसान हो सकता है गुरदीप सिंह गोशा ने कहा कि पंजाब के व्यापारियों किसानों के उत्पादकों को विश्व बाजार में निर्यात क्षमता को बढ़ावा देने हेतु हरसंभव प्रयास करने का एक लक्ष्य तय करके पंजाब की उघोगिक इकाईयों व विशेषकर किसानों के उत्पादकों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने व किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सशक्त व समृद्ध पंजाब के सपने को साकार करने की जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे इसके लिए मैं सोशल मीडिया के माध्यम से पंजाब के किसानों व खुदरा व्यापारियों व उघोगिक इकाईयों के नुमाइंदों से गुजारिश करता हूं कि अपने अपने सुझाव भेजें हमारी निर्यात क्षमता कैसे बढ़ सकती हैं रुस पहुंचते ही भारतीय झंडे से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

# एडीजीपी प्रकरण में एफआईआर की खानापूर्ति से नहीं चलेगा काम आरोपियों की हो गिरफ्तारी : नेत्रपाल

सुन्दर कुंडू । पलवल

-----------------------------

जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा पलवल की रविदास धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस एससी सेल के जिला अध्यक्ष सुगर सिंह ने की जबकि कांग्रेस जिला अध्यक्ष नेत्रपाल अधाना मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस बैठक में उन्होंने सीजेआई जूता प्रकरण और एडीजीपी वाई पूरण कुमार आत्महत्या मामले को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा और इन प्रकरणों के लिए भाजपा को जिम्मेवार ठहराया। इस दौरान कांग्रेस के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नेत्रपाल अधाना ने कहा कि एक एक दिन के अंतराल पर देश भर में तीन बड़ी घटनाएं हुई जिनमें पहले चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया पर जूता फेंका गया, दूसरा एडीजीपी वाई पूरण कुमार को सिस्टम ने इतना प्रताड़ित किया कि उसे आत्महत्या करनी पड़ी और तीसरा उत्तरप्रदेश के रायबरेली में कांग्रेस कार्यकर्ता हरिओम वाल्मीकि प्रकरण लेकिन भाजपा की सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी कोई कार्यवाही अभी दोषियों के खिलाफ नहीं की गई। उन्होंने कहा कि वाई पूरण कुमार ने कई पेजों का सुसाइड नोट छोड़कर गए जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें लंबे समय से अफसरों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था जब एक एडीजीपी रैंक का अधिकारी इस सरकार में सुरक्षित नहीं है तो फिर आम आदमी का क्या हाल होगा यह सोचने का विषय है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रपति के नाम भी ज्ञापन देंगे और पूरी कांग्रेस पार्टी की मांग है कि एडीजीपी प्रकरण में संलिप्त आरोपी अधिकारियों पर शख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है जो भी इसमें दोषी है उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए ताकि न्याय हो रहा है तो वो दिखे भी। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ खड़ी है न्याय के लिए हर संभव संघर्ष करेगी। वहीं एससी सेल के जिलाध्यक्ष शुगर सिंह ने कहा कि देशभर में हुई तीन घटनाओं को लेकर पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे है जिसके चलते पलवल में भी यह विरोध प्रदर्शन किया गया है उन्होंने कहा कि भाजपा जाति आधारित राजनीति कर देश को बांटने का काम कर रही है।



**जिला कांग्रेस एससी सेल की बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष नेत्रपाल अधाना, एससी सेल अध्यक्ष सुगर सिंह व अन्य।**

# जिला पलवल के खंड होडल में पकड़ी गई नकली डीएपी खाद 230 कट्टे बरामद

**» सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कृषि विभाग के अधिकारी, खाद के लिए सैंपल**

पलवल। (सुन्दर कुंडू)

-----------------------------

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल के उप निदेशक डॉ बाबूलाल ने बताया कि शुक्रवार को कृषि विभाग के अधिकारियों ने होडल में नकली खाद की गाड़ियों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि होडल के खंड कृषि अधिकारी सुभाष और खंड तकनीकी प्रबंधक रामदेव को लगभग 11 बजे के सूचना मिली कि गढी मोड़ होडल से शमशान घाट की तरफ दो गाड़ियों आयशर कैंटर नंबर-एचआर 74 बी 3491 व महिंद्रा बीरो एचआर 74 बी 6228 में नकली डीएपी खाद आ रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने कृषि उपनिदेशक और उपमंडल कृषि अधिकारी अजीत सिंह के साथ थाना होडल को तुरंत सूचित करके मौके पर पहुंचे। कृषि विभाग के अधिकारियों तथा पुलिस टीम के पहुंचते ही दोनों गाड़ियों के चालक मौके से फरार हो गए।



**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पकड़ा गया नकली डीएपी खाद।**

कृषि उप निदेशक डॉ बाबूलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों गाड़ियों में 230 कट्टे डीएपी (इफको) मिले, जिसमें प्रत्येक बैग का वजन 50 किलोग्राम है और जिस पर बैच नंबर-01 जुलाई 2025 अंकित है, जोकि इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड पीओ-पारादीप, जिला-जगतसिंहपुर एंड 754142 उडीसा द्वारा निर्मित पाया गया। विभाग द्वारा इस खाद के 3 नमूने लिए गए, जिसका एक नमूना एसआई हनीश खान थाना होडल में जमा कराया तथा शेष नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिए गए। इस पकड़े गए डीएपी खाद की कोई बिल अथवा बिलटी विभाग को नहीं मिली, जोकि एफसीडी-1985 के क्लॉज 5 का उल्लंघन दर्शाती है। यह खाद अवैध तरीके से किसी अन्य स्थान से लाकर काला बाजारी में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था, जोकि फर्टिलाइजर (मूवमेंट कंट्रोल) ऑर्डर 1973 की क्लॉज 3 की अवहेलना है। डीएपी खाद आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 7-10-55 के तहत आता है। इसलिए अज्ञात के खिलाफ यह लिखित व भा.न्या.सं. की धारा 318 (4), 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

# पीएम का सोनीपत दौरा तैयारियों में बढ़ी हलचल

(समर ब्यूरो) । सोनीपत

-----------------------------



राई स्थित एजुकेशन सिटी में 17 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों संग कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। डीसी ने सबसे पहले हरियाणा खेल विश्वविद्यालय पहुंचकर अधिकारियों की बैठक ली और सभी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी और तत्परता से निभाए। इस दौरान हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार भी मौजूद रहे।

डीसी ने विश्वविद्यालय परिसर में बनाए जा रहे हेलीपैड, पीएम के आगमन मार्ग, मुख्य रैली स्थल और पंडाल निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य मंच, वीआईपी मंच और सांस्कृतिक मंच की तैयारियों पर संबंधित एजेंसी से विस्तृत चर्चा की। वहीं, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, मीडिया सेंटर, मीडिया गैलरी और प्रधानमंत्री के विश्राम कक्ष जैसी सभी व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने वीआईपी और सामान्य पार्किंग स्थलों का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले लोगों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, ताकि यातायात में किसी तरह की बाधा न उत्पन्न हो। साथ ही नगर निगम के अधिकारियों को आयोजन स्थल के सभी मार्गों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके बाद डीसी ने सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर डीसीपी के साथ विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम सुभाष चंद्र, एसीपी अजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# करनाल अस्पताल में दो गुट भिड़े, लाठी-डंडे बरामद



(समर ब्यूरो)। करनाल

-----------------------------

नागरिक अस्पताल में दो गुटों के बीच हुए विवाद ने हलचल मचा दी। जानकारी के अनुसार, झगड़ा मुकूमाजरा गांव के रहने वालों के बीच पार्किंग को लेकर शुरू हुआ था। रात के समय दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ी और आरोपित गुट अस्पताल पहुंचे। इसी दौरान दूसरा पक्ष भी अस्पताल पहुंच गया और दोनों गुटों के बीच फिर से भिड़ंत शुरू हो गई।

स्थानीय लोगों और अस्पताल कर्मचारियों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस ने झगड़े में इस्तेमाल होने वाली लाठियों और डंडों को एक कार से बरामद किया। साथ ही अस्पताल परिसर में मौजूद कई युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए सिविल लाइन थाना ले जाया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि झगड़े की जड़ पार्किंग के विवाद में निहित थी। दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई मौकों पर तनातनी और कहासुनी हो चुकी है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

स्थानीय प्रशासन ने नागरिक अस्पताल में सुरक्षा बढ़ा दी है और लोगों से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर अस्पताल परिसर में शांति और सुरक्षा की महत्ता को उजागर किया है।

# 2 नवंबर से प्रदेश में खेलों का सबसे बड़ा महाकुंभ

(समर ब्यूरो) । चंडीगढ़

-----------------------------

हरियाणा में लंबे इंतजार के बाद राज्य स्तरीय ओलंपिक खेलों (स्टेट गेम्स) की शुरुआत 2 नवंबर से होने जा रही है। उद्घाटन समारोह गुरुग्राम से होगा, जहां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी खेलों का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) की अध्यक्ष पी. टी. ऊषा भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी।

हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन जसविंद्र मीनू बैनीवाल ने बताया कि राज्य की 2018 की खेल नीति में शामिल सभी खेलों को इस स्टेट गेम्स में शामिल किया गया है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डोप टेस्ट अनिवार्य किया गया है। खेलों के दौरान नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (NADA) की टीम खिलाड़ियों के रैंडम सैंपल लेगी।

हरियाणा में 13 साल बाद स्टेट गेम्स का आयोजन हो रहा है। ये प्रतियोगिताएं राज्य के 11 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की जाएंगी, जिनमें चंडीगढ़, गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल, कुरुक्षेत्र, झज्जर, सोनीपत, रोहतक और हिसार प्रमुख हैं। वहीं, शूटिंग मुकाबले दिल्ली की करणी रेंज में होंगे। इन खेलों में वेटलिफ्टिंग, फेंसिंग, आर्चरी, टेनिस, हैंडबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, नेटबॉल, बास्केटबॉल, कुश्ती, कबड्डी, जूडो, बैडमिंटन, साइक्लिंग, वॉलीबॉल, ट्रायथलन, स्विमिंग, वॉटरपोलो, बॉक्सिंग, कराटे, फुटबॉल, नौकायान और शूटिंग जैसी प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।

कैप्टन बैनीवाल ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) दिए जाएंगे, जो हरियाणा



सरकार की 2018 की खेल नीति के तहत ग्रेडेशन सर्टिफिकेट के लिए मान्य होंगे। यह ग्रेडेशन सर्टिफिकेट ग्रुप-डी नौकरियों के लिए मान्यता प्राप्त रहेगा।

टीम प्रतियोगिताओं में हर खेल में आठ श्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें मेजबान जिले की टीम को विशेष रूप से भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही हरियाणा पुलिस, एचएसआईआईडीसी, हरियाणा पावर, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई और शाह सतनाम सिंह खेल अकादमी की टीमें भी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगी।

# मुख्यमंत्री सैनी ने पंचकूला में प्रधानमंत्री की नई योजनाओं का किया स्वागत


(समर ब्यूरो) । पंचकूला

-----------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर से 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूरे देश में समांन्वित कार्यक्रम आयोजित किए गए। पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में भी एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार ऐतिहासिक और लाभकारी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज देशभर के किसानों को 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि परियोजनाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया।

कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, पर्यटन एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता बंतो कटारिया और भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।




मुख्यमंत्री सैनी ने किसानों से कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य उनके आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार लाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हरियाणा सरकार इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

# यमुनानगर में भीषण आग : 13 घंटे के बाद बुझी लपटें

(समर ब्यूरो) | यमुनानगर

-----------------------------



सहारनपुर-कुरुक्षेत्र रोड स्थित पुरानी लक्कड़ मंडी में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने से जीटीबी टिंबर फैक्ट्री जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से भड़की कि देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया।

दमकल विभाग की 12 गाड़ियां करीब 13 घंटे तक लगातार आग बुझाने में जुटी रहीं और शनिवार दोपहर दो बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, करीब 80 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

सेक्टर-17 निवासी हरमनप्रीत सिंह की यह फैक्ट्री लकड़ी के बक्से, दरवाजे, खिड़कियां और ड्रॉइंग बोर्ड बनाने का काम करती है। यहां से तैयार माल रुड़की, पानीपत समेत अन्य शहरों में सप्लाई किया जाता था। फैक्ट्री के तीनों पोर्शन पूरी तरह से जलकर राख हो गए।

फैक्ट्री मालिक हरमनप्रीत सिंह ने बताया कि रात करीब एक बजे लेबर हीरालाल ने फोन कर आग लगने की सूचना दी। जब तक वे मौके पर पहुंचे, आग तेजी से फैल चुकी थी। दमकल विभाग की शुरुआती दो गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी भयंकर थीं कि बाद में कुल 12 गाड़ियों को बुलाना पड़ा।

आग लगने से करीब 45 लाख रुपये की लकड़ी और तैयार माल जल गया। तीन प्लैनर, दो टेबल कटर और अन्य मशीनें भी नष्ट हो गईं। फैक्ट्री की बिल्डिंग का एक हिस्सा गिर गया, हालांकि दमकल कर्मियों ने आग को पास के अन्य प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोक लिया।

दमकल अधिकारी पंकज पराशर ने बताया कि आग लगने का कारण संभावित रूप से शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है। एहतियात के तौर पर मौके पर दो दमकल गाड़ियां अभी भी तैनात हैं।

# जमीन के विवाद दादा-दादी पर रॉड से हमला, महिला की मौत




(समर ब्यूरो) |तोशाम

-----------------------------

हरियाणा के तोशाम उपमंडल के गांव ईशरवाल में पारिवारिक जमीनी विवाद ने एक महिला की जान ले ली। रिश्ते में पोते लगने वाले युवकों ने अपने दादा-दादी पर लाठी-डंडों और लोहे के रॉड से हमला कर दिया। हमले में 50 वर्षीय महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल है और उसे हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, मृतका के पति दलबीर का अपने भाइयों के परिवार के साथ जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। वीरवार देर रात करीब 11 बजे दलबीर और उसकी पत्नी सुनीता खेत में बने घर में सो रहे थे। इसी दौरान रविंद्र, अमन और दो अन्य युवक हथियारों से लैस होकर घर में घुसे और दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गए।

ग्रामीणों की मदद से घायल दंपति को तोशाम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुनीता को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए। पुलिस ने दलबीर की शिकायत पर छह नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी महाबीर सिंह ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। दर्दनाक बात यह रही कि सुनीता करवाचौथ के व्रत की तैयारी कर रही थी और पति की लंबी आयु की कामना कर रही थी, लेकिन जमीनी विवाद ने खुशियों को मातम में बदल दिया।

# फरीदाबाद में युवक की हत्या



(समर ब्यूरो) | फरीदाबाद

-----------------------------

आईएमटी क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया, जहाँ 25 वर्षीय युवक का शव सुनसान इलाके में फेंका गया पाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मच्छगर गांव निवासी सतीश (25) पुत्र स्व. राजकुमार के रूप में हुई। सतीश पिछले पांच सालों से आईएमटी की एक निजी कंपनी में कार्यरत था।

शुक्रवार को जब वह घर नहीं लौटा, तो परिवार ने कंपनी में संपर्क किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिवार ने आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह दयालपुर गांव निवासी विकास नामक ऑटो चालक ने उन्हें धमकी दी थी कि दीपावली से पहले उनके परिवार के किसी सदस्य की हत्या की जाएगी। कुछ ही घंटों बाद सतीश का शव बरामद हुआ। एस.एच.ओ उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला पूर्व रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी।

# रेवाड़ी में पति ने पत्नी को लगाई आग, बेटी पर भी छिड़का तेल, खुद भी झुलसा शराब पीकर घर आने का विवाद

समर ब्यूरो। रेवाड़ी

-----------------------------

हरियाणा के रेवाड़ी में करवाचौथ की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक शराब के नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी को आग लगा दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने अपनी बेटी को भी आग के हवाले कर दिया और खुद को भी आग लगा ली।

चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर वहां पहुंचे। जिसके बाद तीनों को वहां से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका उपचार हुआ। मामले की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों के बयानों के आधार पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस बारे में रामपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि 11 तारीख की रात को सूचना मिली थी मनोज निवासी रामपुरा जो कि शराब पीने का आदी है, ने अपनी पत्नी व बेटी को आग लगाने के बाद खुद को भी आग लगा ली। अनीता व मनोज को पीजीआई रेफर किया गया है। एफएसएल टीम की विजिट हो चुकी है। जैसे ही कोई दरखास्त मिलेगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। तमाम साक्ष्य से जुटा लिए गए है।

घायल पत्नी की पहचान 38 वर्षीय अनीता के रूप में हुई है। वह रामपुरा गांव में अपने पति मनोज, बड़ी बेटी प्रिया(16) व छोटे बेटों के साथ रहती है। पति मनोज पेशे से पेंटर है। महिला अनीता ने शुक्रवार को दिनभर व्रत रखा था। उसने रात के लिए पूरे परिवार का खाना बनाया। रात करीब 8:30 बजे पति मनोज घर आया। लेकिन, वह शराब के नशे में धुत था।

पत्नी ने मनोज को कहा कि वह आज तो कम से कम आज तो वह शराब पीकर न आता। शराब पीने का विरोध करने पर पति तैश में आ गया। उसने पत्नी अनीता के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। वह मारपीट और गाली-गलौज करने लगा।

रात करीब 11 बजे का समय था। पत्नी से झगड़ते हुए पति पूरी तरह आपा खो चुका था। इसके बाद उसने घर में रखे थीनर को अनीता के ऊपर डाल दिया। इसके बाद उसे आग लगा दी।

**बचाने आई बेटी को भी लगाई आगः** मां को आग में जलता देख, बड़ी बेटी तुरंत बचाने के लिए आई। जिस पर भी आरोपी ने थीनर डाल दिया और उसमें भी आग लग गई। इसके बाद आरोपी ने खुद पर भी थीनर डालकर आग लगा ली

# एडवड्र्स ने मनाया शताब्दी वर्ष, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**»100 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में एडवर्ड स्कूल द्वारा नशे के खिलाफ एक मुहिम चलाई : राजीव सूद » 11 से 13 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन**

**(समर ब्यूरो)। शिमला**

एडवड्र्स स्कूल द्वारा ड्रग्स के खिलाफ एक दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एडवड्र्स संघ के अध्यक्ष राजीव सूद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दौड़ की शुरुआत हाई कोर्ट से हुई और स्कूल ग्राउंड में समाप्त हुई, इस दौड़ में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संघ के अध्यक्ष राजीव सूद ने कहा कि एडवर्ड स्कूल के 100 साल 9 मार्च 2025 को पूर्ण हो चुके है और तब से अनेको कार्यक्रमो का आयोजन स्कूल द्वारा किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल और दौड़ प्रतियोगिताएं है। 100 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में एडवर्ड स्कूल द्वारा नशे के खिलाफ एक मुहिम चलाई गई है, क्योंकि आज के समाज में युवाओं को इसके बारे में अवगत करवाना हमारा कर्तव्य है। नशे के खिलाफ एक प्रशिक्षित युवा ही लड़ सकता है और दौड़ एवं खेल के माध्यम से इस मुहिम को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी सेंट एडवर्ड स्कूल ने काफी कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

पर्यावरण को स्वास्थ्य एवं सुरक्षित रखना हमारा एक और बड़ा एजेंडा है जिस पर हम काम कर रहे हैं, स्कूल में वेस्ट प्रोडक्ट से एक अनेकों चीजों का निर्माण किया गया है और किस प्रकार से वेस्ट प्रोडक्ट को रिसाइकल किया जाए इसके बारे में भी बच्चों को एंबेसडर के रूप में तैयार किया जा रहा है।

राजीव ने बताया कि 100 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में 11 से 13 अक्टूबर तक एडवर्ड संघ द्वारा अनेको कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कल एक कार रैली का भी आयोजन किया जाएगा जिसकी शुरुआत स्कूल के परागण से नलडेहरा गोल्फ कोर्स तक की जाएगी।

इस कार्यक्रम में 315 प्रतिनिधि भाग लेंगे जिसमें कई लोग तमिलनाडु, दिल्ली, अमेरिका, शिकागो, न्यू यॉर्क, गोवा और चिन्नई से भी उपस्थित है। कार रैली के बाद गोल्फ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जस्टिस दीपक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# 13 अक्तूबर को शिमला में नहीं चलेंगी निजी बसें

**»सरकार की नीतियों के खिलाफ निजी बस ऑपरेटरों का विरोध, यात्रियों को झेलनी पड़ सकती है परेशानी**

**(संजू) । शिमला**




राजधानी शिमला में 13 अक्तूबर को आम जनता को यातायात संबंधी बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। निजी बस ऑपरेटरों ने सरकार की नीतियों के विरोध में इस दिन बसें न चलाने का ऐलान किया है। निजी बस ड्राइवर-कंडक्टर यूनियन ने कहा है कि उनकी जायज़ मांगों की अनदेखी के चलते यह कदम उठाना पड़ा है।

यूनियन के अध्यक्ष रूप लाल ठाकुर ने बताया कि लगातार बढ़ती डीज़ल कीमतें, टैक्स का बोझ और रूट परमिट को लेकर जारी असमानता के कारण निजी बस मालिकों को भारी घाटा झेलना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि सरकार केवल एचआरटीसी की बसों को बढ़ावा दे रही है, जबकि निजी बस सेवाओं की समस्याओं को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में जारी अधिसूचना को लागू करने की मांग बार-बार उठाई गई है, जिसके तहत 40 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाली बसों को शहर में प्रवेश नहीं देना था। ठाकुर का कहना है कि जिला प्रशासन और परिवहन विभाग इस आदेश को लागू करवाने में विफल रहे हैं, जिससे न केवल ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, बल्कि निजी बस ऑपरेटरों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।


इधर, निजी बस परिचालक यशपाल ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो 13 अक्तूबर की हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि एचआरटीसी मोटर व्हीकल एक्ट (MV Act) की खुली उल्लंघना कर रहा है।यशपाल ने कहा कि स्कूल बसों में आम सवारियों को बैठाया जा रहा है और मरम्मत या ईंधन भरवाने के नाम पर आने-जाने वाली बसें भी बिना रूट परमिट और टाइम टेबल के सवारियां उठा रही हैं।यशपाल,निजी बस परिचालक ने कहा कि एचआरटीसी नियमों को ताक पर रखकर बसें चला रहा है।अगर हालात नहीं सुधरे, तो हमें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाना पड़ेगा।

**यात्रियों को होगी भारी असुविधा**

इस हड़ताल के चलते शहर और आसपास के क्षेत्रों — ढली, संजौली, टुटू, समरहिल, न्यू शिमला और शोघी — में रोजाना सफर करने वाले हज़ारों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। खासकर ऑफिस, स्कूल और कॉलेज जाने वाले लोगों को वैकल्पिक साधन तलाशने होंगे।फिलहाल, सरकार या परिवहन विभाग की ओर से इस मुद्दे पर कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। अब देखना यह होगा कि क्या सरकार आखिरी वक्त तक चुप बैठी रहेगी या फिर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोई समाधान तलाशेगी।

हमीरपुर में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान सफल

# 2860 स्वास्थ्य शिविरों में 85 हजार से लोगों ने लिया लाभ




**(अरविन्द) । हमीरपुर**

हमीरपुरः जिले में महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए गए 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग हमीरपुर ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक कुल 2860 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों का लाभ 85,215 लोगों ने उठाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण चौधरी ने बताया कि ये शिविर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, नागरिक अस्पतालों तथा मल्टी स्पेशलिटी कैंपों में लगाए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य 15 से 49 वर्ष की महिलाओं की मुफ्त स्वास्थ्य जांच करना था।

अभियान के दौरान 3273 महिलाओं की एएनसी स्क्रीनिंग, 78,361 लोगों का हीमोग्लोबिन (एचबी) टेस्ट, 3,425 बच्चों को टीकाकरण की खुराक, 66,073 लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग, 74,146 लोगों की ब्लड प्रेशर और शुगर जांच, 72,235 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग, 908 निक्षय मित्रों का पंजीकरण, 77,786 लोगों को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। डा. चौधरी ने बताया कि जिन लोगों में किसी बीमारी के लक्षण पाए गए हैं, उनका उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही लोगों को संतुलित आहार, फल-सब्जियों का अधिक सेवन, तथा योग, व्यायाम और मेडिटेशन अपनाने की सलाह दी गई। डा. प्रवीण चौधरी, सीएमओ हमीरपुर स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत हजारों लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया है। हमारा लक्ष्य महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत बनाकर परिवार और समाज को सशक्त करना है।

# एचआरटीसी के पेंशनर्स क्यों उतरे हैं सड़कों पर, कब तक सुनी जाएगी उनकी मांगें : जयराम ठाकुर

**»पीएम धन धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन किसानों और देश की तस्वीर बदल देगा**

**समर ब्यूरो । शिमला**

शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार ने पूरे प्रदेश में व्यवस्थाओं को उलट पलट दिया है। आज प्रदेश का हर वर्ग या तो सड़कों पर है या फिर सड़कों पर आने की तैयारी में है। आज एचआरटीसी के पेंशनर्स सड़कों पर हैं और जब विपक्ष उनके हक की आवाज उठाता है तो जिम्मेदार लोग मुद्दे की बात करने के इधर उधर की बात करते हैं। पेंशनर्स एसोसिएशन के लोगों द्वारा कई बार सड़कों पर आकर अपना दुःख सुनाया जा चुका है और मांगे न मानने पर उनके द्वारा आगे बड़े आंदोलन की धमकी भी दी जा चुकी हैं। सिर्फ पेंशन ही नहीं उनके बाकी मुद्दे सुलझाने की आवश्यकता है। कल पेंशनर्स द्वारा बताया गया कि उनके मेडिकल बिल लंबित हैं। एरियर का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। बुढ़ापे में बीमारी की दवाई अगर उनका विभाग नहीं देगा तो कौन देगा। आए दिन परिवहन निगम नए नए प्रयोग करके चर्चा में रहता है। बड़े–बड़े बयान और भाषण दिए जाते हैं लेकिन हकीकत यह है कि जिन लोगों ने अपनी जिंदगी लगा दी परिवहन निगम के लिए वह पेंशनर्स आज सड़कों पर हैं और पेंशन और दवाई का पैसा मांग रहे हैं। सरकार का प्रचार तंत्र आए दिन परिवहन विभाग के द्वारा सैकड़ों करोड़ कमाने का दावा करता है। बड़े–बड़े क्रांतिकारी फैसले लेने की बात करता है। लेकिन बसों और टैक्सियों के किराया बढ़ाने और सरकार के प्रवचन के अलावा प्रदेश के लोगों को कुछ हासिल नहीं हुआ। आपदा के बाड़े जो रूट बंद हैं वह बंद हैं। बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने, टायर फटने, एक्सेल खुलने, ब्रेक और स्टीयरिंग फैल होने की घटनाएं आम हैं। बदइंतजामी का आलम यह है कि बस हांफने की खबर हर दिन अखबार की सुर्खियां और सोशल मीडिया सरकार का साधन बनती है। प्रदेश के लोगों को सरकार प्रवचन की नहीं बेहतर प्रबंधन और बसों की आवश्यकता है। जिसे सरकार को उपलब्ध करवानी चाहिए।

जयराम ठाकुर ने लगभग 35 हजार करोड़ की लागत से दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और प्रधानमंत्री धन धान्य योजना शुरुआत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए सभी देश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, ये सिर्फ दाल उत्पादन बढ़ाने का मिशन नहीं है, बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का भी अभियान है। बीते 11 वर्षों से सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि किसान सशक्त हो, खेती पर ज्यादा निवेश हो। किसानों को इससे बेहतर बीज, भंडारण सुविधाएं और उपज की सुनिश्चित खरीद से सीधा लाभ मिलेगा। 24000 करोड़ रुपये की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य सिंचाई सुविधा बढ़ाना, फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना और किसानों को ऋण प्रदान करना है। देश के 100 कम उत्पादकता वाले जिलों को इस योजना से लाभ मिलेगा। इसमें हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर को भी शामिल किया गया है। दिवाली से पहले पीएम की इस सौगात से दिवाली की खुशियां दुगुनी हो गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पीएम धन धान्य कृषि योजना के तहत केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक चयनित जिलों को राष्ट्रीय औसत तक लाया जाए। देशभर के जिन 100 आकांक्षी जिलों को इस योजना के लाभ के लिए शामिल किया गया है। उन्हें 11 मंत्रालयों की 36 से ज्यादा योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। लगभग है कि 1.7 करोड़ किसानों को धन धान्य कृषि योजना का लाभ मिलेगा। इससे योजना की व्यापकता और प्रभाव का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### 13 को वीरभद्र की प्रतिमा का अनावरण, राज्यस्तरीय समारोह का जायज़ा लेने पहुंचे सुक्खू

**समर ब्यूरो । शिमला।** 13 अक्टूबर का दिन हिमाचल प्रदेश के इतिहास में अमर होने जा रहा है. हिमाचल प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण 13 अक्टूबर को होगा. इसके लिए प्रदेश सरकार राज्यस्तरीय समारोह आयोजित कर रही है, जिसमें प्रियंका गांधी वाड्रा, हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला वाले हैं. हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शनिवार को राज्यस्तरीय समारोह से पहले कार्यक्रम स्थल का जायज़ा लेने के लिए पहुंचे. उन्होंने जिला प्रशासन के साथ ज़रा पुलिस को सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश जारी किए. मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभद्र सिंह पार्टी के सम्मानित नेता थे. उनकी प्रतिमा के अनावरण के लिए सरकार राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है. गौर हो कि इस राज्यस्तरीय समारोह में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को भी न्यौता दिया गया है. अगर उनका स्वास्थ्य ठीक रहा, तो वे भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी.

# अनिरुद्ध सिंह ने किया 1.14 करोड़ रुपये की लागत से बने पंचायत घर बरमु-केल्टी का लोकार्पण

**(समर ब्यूरो) । शिमला**




ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शनिवार को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरमु-केल्टी में 1.14 करोड़ रुपये की लागत से बने नए पंचायत घर का उद्घाटन किया।मंत्री ने बताया कि यह बहुमंजिला पंचायत भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसमें प्रधान कक्ष, पंचायत सचिव कार्यालय, तकनीकी सहायक कक्ष, बैठक हॉल, सामान्य सेवा केंद्र और दो शौचालय बनाए गए हैं। पहले पंचायत कार्यालय किराए के कमरे में संचालित होता था।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि पहले पंचायत घरों के निर्माण के लिए केवल 33 लाख रुपये मिलते थे, परंतु अब सरकार ने लोक निर्माण विभाग से नया मानक डिज़ाइन तैयार करवाया है। पूरे प्रदेश में अब एक समान रंग, टाइल और छत वाले पंचायत घर बनाए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में 17 पंचायत घर निर्माणाधीन हैं, जबकि पूरे प्रदेश में पिछले दो वर्षों में 125 पंचायत घर स्वीकृत किए गए हैं।उन्होंने जानकारी दी कि केल्टी क्षेत्र में 75 प्रतिशत सीवरेज कार्य पूरा हो चुका है और यह कार्य जनता के सहयोग से संभव हुआ है। उन्होंने लोगों से आगे भी विकास कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया। मंत्री ने बताया कि केल्टी पटवारखाना के लिए पहले स्वीकृत 12 लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर 42 लाख रुपये कर दिया गया है। पंचायत के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 3 बीघा भूमि उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग आपसी सहमति से भवन निर्माण स्थल तय करें ताकि कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके।इसके अतिरिक्त, पंचायत घर के फर्नीचर की आवश्यकताओं का अनुमान तैयार करने के निर्देश दिए ताकि उसके बजट का प्रावधान किया जा सके।उन्होंने यह भी घोषणा की कि केल्टी में पानी की समस्या दूर करने के लिए मौजूदा टैंक के पास 3 लाख लीटर क्षमता का एक नया टैंक बनाया जाएगा। साथ ही खेल मैदान और पार्किंग स्थल के लिए भूमि चयन व बजट अनुमान तैयार करने के निर्देश भी दिए।

# करसोग में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट और 66 केवी सब स्टेशन बनेगा : सुक्खू

**» तिब्बन व पांगणा होंगे सीबीएसई स्कूल, तीन नए पटवार सर्कल की भी घोषणा**

**(समर ब्यूरो) । शिमला**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को मंडी जिले के करसोग विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान कई विकासात्मक घोषणाएं कीं। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग को राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के रूप में विकसित करने और इसे आगामी सत्र से सीबीएसई आधारित स्कूल बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने करसोग में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट और 66 केवी सब स्टेशन स्थापित करने की घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने तिब्बन और पांगणा स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध करने, सनारली, मतेड़ और बनेड़ा में नए पटवार सर्कल खोलने और तत्तापानी-बखरौट सड़क के सुधार कार्य की भी घोषणा की।उन्होंने बताया कि करसोग के आईटीआई भवन के निर्माण के लिए धन उपलब्ध करवाया जाएगा तथा संस्थान में एआई और मशीन लर्निंग के कोर्स शुरू होंगे। करसोग अस्पताल में शीघ्र ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में आपदा के दौरान करसोग में भारी नुकसान हुआ है। राज्य सरकार इस क्षेत्र में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त 94 मकानों के पुनर्निर्माण के लिए प्रति परिवार 7 लाख रुपये की सहायता देगी।

**राजनीतिक बयानः "भाजपा नेता एडिशनल बॉरोइंग में डाल रहे अड़ंगे"**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेता एडिशनल बॉरोइंग की अनुमति में अड़ंगे लगा रहे हैं, जबकि उनके शासनकाल में यही अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र सरकार ने राज्य की ऋण सीमा में 1600 करोड़ रुपये की कटौती की है।उन्होंने कहा कि सरकार सभी पात्र महिलाओं को 1500 मासिक पेंशन देने के वादे पर कायम है और इसे शीघ्र लागू किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार ने ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए 1000 करोड़ रुपये के भवन बनवाए, जिनमें उपयोग नहीं हो रहा है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासनकाल में शिक्षा व्यवस्था कमजोर हुई और हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा के मामले में वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर पहुंच गया था। वर्तमान सरकार के प्रयासों से प्रदेश अब 5वें स्थान पर आ गया है।उन्होंने बताया कि 6000 अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें से 3000 की नियुक्ति हो चुकी है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चमियाणा अस्पताल और टांडा मेडिकल कॉलेज में अब रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू हो चुकी है। दो वर्षों में 200 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है और आगामी समय में इतने ही डॉक्टर और भर्ती होंगे।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर जोर**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। दूध के दामों में ऐतिहासिक वृद्धि, गोबर की खरीद, तथा प्राकृतिक खेती उत्पादों (गेहूं 60, मक्की 40, हल्दी 90 प्रति किलो) की सरकारी खरीद से किसानों की आय बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि दो वर्षों में मनरेगा की दिहाड़ी में 80 की बढ़ोतरी की गई है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत 12 लाभार्थियों को 1.50-1.50 लाख की पहली किस्त (कुल 18 लाख) प्रदान की।उन्होंने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत चार 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को घर निर्माण के लिए 1-1 लाख की दूसरी किस्त दी और एक भूमिहीन बच्चे को भूमि के दस्तावेज सौंपे। इसके अलावा 10वीं कक्षा की मेधावी छात्राओं प्रज्ञा ठाकुर और हिमानी ठाकुर को सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार ने करसोग आपदा प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज दिया है और प्रदेशभर में 50 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं।मिल्कफेड अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में दूध की खरीद तीन लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है, जो पिछली सरकार के समय 90 हजार लीटर थी।कांग्रेस प्रत्याशी महेश राज ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि करसोग के विकास कार्यों से स्थानीय जनता को बड़ा लाभ मिलेगा।

**भव्य स्वागत और रोड शो**

करसोग पहुंचने पर मुख्यमंत्री का लोगों ने भव्य स्वागत किया और करसोग बाजार में मेगा रोड शो निकाला गया। इस अवसर पर विधायक दीप राज, पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, एपीएमसी मंडी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, कांग्रेस नेता जगदीश रेड्डी, विजय कानव, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हरोली-शिमला के बीच नई बस सेवा शुरू, यात्रा होगी सिर्फ 6 घंटे की



**(राकेश) । ऊना**

उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पालकवाह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरोली–ऊना–शिमला के बीच नई बस सेवा का शुभारंभ किया। यह बस सेवा हरोली–ऊना–नंगल–किरतपुर (फोरलेन)–भराड़ी–बिलासपुर–एम्स–भराड़ीघाट–दाड़लाघाट–शालाघाट मार्ग से होकर शिमला तक चलेगी।

नई बस हरोली से शाम 5 बजे और ऊना से 5:20 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि शिमला से सुबह 4:50 बजे रवाना होगी। इस सेवा से हरोली और ऊना क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ पंजाब, बिलासपुर और शिमला में कार्यरत कर्मचारियों, उद्यमियों और व्यवसायियों को भी सुविधा मिलेगी। नई बस सेवा से शालाघाट से अर्की तक एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा और हरोली से शिमला की यात्रा अब मात्र 5 से 6 घंटे में पूरी की जा सकेगी।

# कुफरीधार से शनोल सड़क का शिलान्यास, 90 लाख की लागत से बनेगी सड़क

**(समर ब्यूरो) । शिमला**




लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण के एक दिवसीय दौरे के दौरान कुफरीधार में कुफरीधार-शनोल सड़क का शिलान्यास किया। यह सड़क मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 2 किलोमीटर 160 मीटर लंबाई में 90 लाख रुपए की लागत से बनाई जाएगी। इस परियोजना के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 20 लाख रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। देवनगर मूलबरी पंचायत में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना लागू की गई है। इसी योजना के तहत कुफरीधार-शनोल सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र में इस योजना के तहत 2 करोड़ 40 लाख रुपए स्वीकृत हो चुके हैं। देव नगर से घनाहट्टी सड़क की मेटलिंग के लिए 1 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं, जिसका कार्य दिवाली के बाद शुरू होगा।

मंत्री ने बताया कि रूपनाला से थाची-बझोल मार्ग को 8 करोड़ रुपए की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है। पिछले ढाई वर्षों में विभिन्न मदों के माध्यम से 25 लाख रुपए विकास कार्यों के लिए प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने 5 लाख रुपए विधायक निधि से मूलबरी देवनगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में मंत्री का शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह ने अपने कार्यकाल में शिमला ग्रामीण में करीब 1500 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए थे।उन्होंने इस क्षेत्र को विकास की पटरी पर लाया, और अब यह उनकी जिम्मेदारी है कि यह प्रगति निरंतर बनी रहे।मंत्री ने कहा कि शिमला ग्रामीण में आज सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और जिन सड़कों पर जलभराव की समस्या रहती है, वहां इंटरलॉकिंग टाइलें लगाई जाएंगी।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बड़े सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं, वहीं सुन्नी में एसडीएम कार्यालय खुलने से जनता को राहत मिली है।"

**प्रदेश को आपदा से 4000 करोड़ का नुकसान"**

मंत्री ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में आई भारी आपदा से लगभग 4000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अब मानसून के थमने के बाद सड़क बहाली कार्य तेजी से शुरू किया गया है।प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजा राशि 1.30 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की तरह इस बार भी सरकार आपदा से उबरने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और हिमाचल फिर से सशक्त बनेगा। विक्रमादित्य सिंह ने स्थानीय जनता को 13 अक्टूबर को ऐतिहासिक रिज मैदान, शिमला में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

## किसी से ना कहना

## मसल्स वाले मसीहा या मुफ्त प्रोटीन का मर्ज़?

दुश्मन मरे तो खुश न होना, सज्जन भी एक दिन जाने हैं-यह पंक्ति आज फिर याद आ गई जब #राजवीरजवंदा , वरिंदर घुमन जैसे एक और नौजवान बॉडीबिल्डर की ख़बर आई। जिस पर कभी लाखों फॉलोअर्स फिदा थे, आज वही सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलियों और लानतों के बीच झूल रहा है।

सोशल मीडिया का भी क्या अजब तमाशा है—कल तक लोग उसी के साथ सेल्फी खींचते थे, आज वही लोग कमेंटों में ज्ञान बाँट रहे हैं: "भाई, किसी को बुरा मत बोलो, कर्मों का फल यहीं मिलता है।"

सच है, कल तक जिसने #दिलजीत_दोसांझ पर फेम के लिए छींटाकशी की, आज उसी के लिए "RIP" वाले स्टेटस बन रहे हैं।

कितनी अजीब बात है-जिसने अपनी मांसपेशियों से दुनिया जीतने की ठानी, वही हार्ट अटैक से हार गया। मुफ़्त में मिले प्रोटीन के डिब्बों ने आखिर मुफ़्त की मर्ज़ी भी दे दी!

भाई, शरीर बनाना गलत नहीं, पर शरीर के पीछे अंधी दौड़ लगाना खतरनाक ज़रूर है। ये जो बॉडी बिल्डिंग की चमक-दमक है ना, इसके पीछे पसीने से ज़्यादा पाउडर और पब्लिसिटी जलती है।

पंजाब की धरती वीरों की रही है-पर अब वीरता का मतलब इंस्टाग्राम पर "सिक्स पैक" दिखाना हो गया है। आज भी बहुत से नौजवान दाल-रोटी खाकर, खेतों में मेहनत कर, ऐसी ताकत रखते हैं कि जिम वालों के भी होश उड़ा दें।

पर अफ़सोस किसी माँ का जवान बेटा यूँ बेमौक़ा चला जाए, यह सिर्फ़ दुख नहीं, एक चेतावनी है—शरीर बनाओ, पर अहंकार मत पालो; नाम कमाओ, पर इंसानियत मत गँवाओ।

रब जाने, पंजाब का वैर ही क्यों बन बैठा ज़माना पर एक बात तय है-अगर दिल में अच्छाई होती, तो आज पूरा पंजाब उसके जाने पर अफ़सोस करता, ना कि बहस।

**नतीजा** : फेम और प्रोटीन दोनों संभलकर लेना चाहिए-दोनों ज़्यादा हो जाएं, तो नुकसान तय है।

## भारत-तालिबान के रिश्तों में नई शुरुआत

# आमिर ख़ान मुत्ताक़ी की ऐतिहासिक भारत यात्रा

**नई दिल्ली** : अफ़ग़ानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर ख़ान मुत्ताक़ी 9 अक्टूबर को एक सप्ताह की भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। यह यात्रा तालिबान के 2021 में सत्ता में आने के बाद भारत की ओर से किसी तालिबान प्रतिनिधि को मिली अब तक की सबसे अहम राजनयिक स्वीकृति मानी जा रही है।

मुत्ताक़ी इस दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय रिश्तों, व्यापार, और आर्थिक सहयोग पर व्यापक चर्चा कर रहे हैं। शुक्रवार को दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें भारत ने घोषणा की कि वह काबुल में अपना दूतावास दोबारा पूरी तरह खोलने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

**काबुल में फिर से भारतीय दूतावास**

2021 में तालिबान के सत्ता में आने और पश्चिमी सेनाओं की वापसी के बाद भारत ने काबुल में अपने राजनयिक मिशन को बंद कर दिया था। हालांकि, 2022 में भारत ने मानवीय सहायता और व्यापार के सीमित उद्देश्यों के लिए एक छोटा मिशन फिर से शुरू किया। अब, इस दौरे के दौरान इसे पूर्ण रूप से बहाल करने का संकेत दिया गया है।

**यात्रा को मिली संयुक्त राष्ट्र से विशेष छूट**

आमिर मुत्ताक़ी पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंध लागू हैं, लेकिन यूएनएससी की प्रतिबंध समिति ने उन्हें इस यात्रा के लिए 9 से 16 अक्टूबर तक की अस्थायी छूट दी है। यह यात्रा पहले सितंबर में प्रस्तावित थी, पर प्रतिबंधों के चलते टाल दी गई थी।

**धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी**

मुत्ताक़ी के कार्यक्रम में दारुल उलूम देवबंद और आगरा स्थित ताजमहल का दौरा भी शामिल है। इसके अतिरिक्त वे भारत में बसे अफ़ग़ान नागरिकों और व्यापारी समुदाय के प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे।

**कूटनीति के नए संकेत**

भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता नहीं दी है, फिर भी यह उच्च-स्तरीय वार्ता संकेत देती है कि बदलते वैश्विक और क्षेत्रीय परिदृश्य में भारत अपनी रणनीति में लचीलापन दिखा रहा है।

हाल ही में 'मॉस्को फ़ॉर्मैट' की बैठक में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, और मध्य एशियाई देशों के साथ मिलकर तालिबान के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर चुका है। इस मंच पर सभी देशों ने अफ़ग़ान जमीन पर किसी भी बाहरी सैन्य तैनाती के विरोध में संयुक्त बयान जारी किया।

**बगराम एयरबेस पर एकमत**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बगराम एयरबेस को फिर से अमेरिका के नियंत्रण में लेने की मांग का भारत, रूस, चीन, और तालिबान ने कड़ा विरोध किया। इस मुद्दे पर भारत और तालिबान का एकमत रुख दिखा, जिससे रणनीतिक समीकरणों में आए बदलाव का संकेत मिला।



**आमिर मुत्ताक़ीः तालिबान के भीतर एक प्रभावशाली चेहरा**

1970 में हेलमंद प्रांत में जन्मे मुत्ताक़ी ने पाकिस्तान में शरणार्थी के तौर पर धार्मिक शिक्षा प्राप्त की थी। 1994 में तालिबान से जुड़ने के बाद उन्होंने कई अहम भूमिकाएं निभाईं, जिनमें शिक्षा मंत्री और तालिबान रेडियो प्रमुख शामिल हैं। वर्तमान में वे तालिबान की विदेश नीति का नेतृत्व कर रहे हैं।

**भारत क्यों बढ़ा रहा तालिबान से संपर्क?**

बदलते क्षेत्रीय समीकरणों के चलते भारत के लिए अफ़ग़ानिस्तान में अपनी रणनीतिक उपस्थिति बनाए रखना आवश्यक हो गया है। पाकिस्तान और तालिबान के रिश्ते तनावपूर्ण हो चुके हैं, अमेरिका का ध्यान हट चुका है, और चीन-तालिबान के रिश्ते गहरे हो रहे हैं। ऐसे में भारत का यह प्रयास दीर्घकालिक हितों को सुरक्षित रखने की दिशा में एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

**मुत्ताक़ी का स्पष्ट संदेश**

मुत्ताक़ी ने अपनी वार्ता में स्पष्ट किया कि अफ़ग़ानिस्तान की ज़मीन किसी भी बाहरी शक्ति को सौंपने या किसी अन्य देश के ख़िलाफ़ इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने इस्लामिक स्टेट (दाएश) जैसे आतंकी तत्वों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की बात भी दोहराई और क्षेत्रीय सहयोग की ज़रूरत पर बल दिया।

**वेट एंड वॉच' नीति अब 'एंगेज एंड सिक्योर'** : भारत और तालिबान के बीच यह संवाद उस दौर में हो रहा है जब अफ़ग़ानिस्तान अंतरराष्ट्रीय राजनीति के एक नए केंद्र बिंदु के रूप में उभर रहा है। भारत की 'वेट एंड वॉच' नीति अब 'एंगेज एंड सिक्योर' की दिशा में बढ़ती दिख रही है – एक ऐसा कदम जो न केवल कूटनीतिक, बल्कि सामरिक दृष्टिकोण से भी अहम साबित हो सकता है।

# "सिर्फ लिखावट ही नहीं, सोच भी सुधारनी होगी डॉक्टरों को"

चिकित्सा को हमेशा सेवा और करुणा का प्रतीक माना गया है। डॉक्टरों को समाज में 'दूसरे भगवान' का दर्जा यूं ही नहीं मिला। लेकिन जब वही डॉक्टर लिखावट की लापरवाही, असंवेदनशील व्यवहार और भेदभावपूर्ण सोच के लिए सुर्खियों में आते हैं, तो यह न केवल उस पेशे की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि समाज के नैतिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर चिंता खड़ी करता है।

हाल ही में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक सरकारी डॉक्टर की मेडिको-लीगल रिपोर्ट पर सख़्त टिप्पणी की। जज जसगुरप्रीत सिंह पुरी ने रिपोर्ट को पढ़ने में असमर्थता जताते हुए कहा, "उसमें एक भी शब्द समझ नहीं आया।" इस टिप्पणी ने डॉक्टरों की 'कुख्यात' लिखावट को लेकर वर्षों से चल रही शिकायतों को दोबारा विमर्श के केंद्र में ला दिया।

यह कोई मामूली बात नहीं है। डॉक्टर की एक अधपढ़ी पर्ची, एक गलत दवा, या एक गलत डोज़ किसी मरीज के जीवन पर भारी पड़ सकती है। फिर भी, आज भी देश के ज़्यादातर डॉक्टर अपने प्रिस्क्रिप्शन ऐसे लिखते हैं जैसे कोई कोड भाषा हो, जिसे केवल वही और दवा विक्रेता समझते हों — और कई बार वे भी नहीं।

डॉक्टरों की संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी यह स्वीकार किया है कि कुछ डॉक्टरों की लिखावट समस्या पैदा करती है, लेकिन उन्होंने इसे "व्यस्तता" और "डिजिटल सुविधाओं की कमी" के बहाने से ढकने की कोशिश की।

लेकिन सवाल यह है कि जो छात्र कठिनतम परीक्षाएं पास करके मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेते हैं, क्या वे पहले से ही ऐसी लिखावट के साथ आते हैं? नहीं। उनकी लिखावट खराब होती है डॉक्टर बनने के बाद - जब समय की कमी, संवेदनशीलता की गिरावट और लापरवाही की आदतें हावी होने लगती हैं।

और यह केवल लिखावट तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर से आई एक विचलित कर देने वाली खबर के अनुसार, एक डॉक्टर ने एक मुस्लिम महिला का इलाज



करने से यह कहकर इनकार कर दिया कि वह "दूसरे धर्म" की है। अगर यह सत्य है, तो यह किसी व्यक्ति विशेष की सोच नहीं, बल्कि उस पेशे के भीतर घुसपैठ करती सांप्रदायिकता का प्रमाण है, जो अब तक इन ज़हर से बचा हुआ माना जाता था।

समाज का यह दुर्भाग्य है कि डॉक्टरों की यूनियनें अस्पतालों की गंदगी, उपकरणों की कमी या स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण पर शायद ही कभी आवाज़ उठाती हैं। लेकिन जहां बात अपने अधिकारों की आती है, वहां वे तुरंत लामबंद हो जाती हैं। जब डॉक्टरों की प्राथमिकता सुविधाओं की मांग नहीं बल्कि आय की सुरक्षा और निजी लाभ हो जाए, तब यह देखना ज़रूरी हो जाता है कि 'सेवा' अब किस रूप में बची है।

महाराष्ट्र के बीड़ ज़िले में महिला खेत मज़दूरों के गर्भाशय निकालने का जो शर्मनाक खेल वर्षों से चला आ रहा है, उसमें डॉक्टरों की भूमिका भी सामने आ चुकी है। यह केवल नैतिक पतन नहीं, चिकित्सा पेशे का व्यावसायीकरण और संवेदनहीनता का चरम है।

**अंत में...**

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि डॉक्टर भी उसी समाज का हिस्सा हैं जहां हर क्षेत्र में गिरावट देखी जा रही है। लेकिन चिकित्सा पेशा बाकी पेशों से अलग है - यहां एक छोटी सी लापरवाही भी जानलेवा हो सकती है। इस पेशे से जुड़े लोगों को केवल तकनीकी कुशलता से नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, स्पष्टता और मानवीय मूल्यों से भी परखा जाना चाहिए।

लिखावट सुधारना एक प्रतीकात्मक शुरुआत हो सकती है। लेकिन असली सुधार तब होगा जब डॉक्टर मरीज को एक "केस नंबर" नहीं, एक इंसान के रूप में देखेंगे। जब वे धर्म, जाति, वर्ग या लाभ की दृष्टि से नहीं, बल्कि अपनी शपथ और ज़िम्मेदारी के आधार पर निर्णय लेंगे। सेवा का यह पेशा अगर सचमुच 'दूसरे भगवान' की उपाधि का अधिकारी बना रहना चाहता है, तो उसे अपनी सोच, शैली और सरोकार - तीनों में सुधार लाना ही होगा।

## यशस्वीजायसवालरनआउट,दोहरेशतकसेचूके



**(समर ब्यूरो) | नई दिल्ली**

भारत और वेस्टइंडीज के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। पहले दिन शानदार 175 रन की पारी खेलने के बाद जब वह दूसरे दिन बल्लेबाजी के लिए लौटे, तो कुछ ही मिनट बाद उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। दूसरे दिन का खेल शुरू हुए ज्यादा देर नहीं हुई थी। दूसरे ओवर में वेस्टइंडीज के तेज़ गेंदबाज़ जेडन सील्स गेंदबाज़ी कर रहे थे। जायसवाल ने उनकी गेंद को मिड-ऑफ की दिशा में सॉफ्ट हाथों से खेला और रन लेने के लिए तेजी से दौड़ पड़े। लेकिन नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़े कप्तान शुभमन गिल ने रन लेने का कोई संकेत नहीं दिया और अपनी जगह पर ही खड़े रहे। जायसवाल ने गिल को रुकते देखा, लेकिन तब तक वह बहुत आगे निकल चुके थे। परिणामस्वरूप, उन्हें रन आउट होकर वापस लौटना पड़ा। जायसवाल ने अपनी पारी 171 रन से आगे शुरू की थी और ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से दोहरा शतक पूरा कर लेंगे। मगर एक छोटी सी गलतफहमी ने उनकी शानदार पारी 175 रनों पर समाप्त कर दी। उन्होंने 258 गेंदों का सामना करते हुए 22 चौके जड़े। यह पहली बार नहीं है जब जायसवाल बड़ी पारी के दौरान रन आउट हुए हों। इससे पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए भी वह विराट कोहली के साथ रन लेने की चूक में रन आउट हो चुके हैं।

## भारतनेअफगानिस्तान को सौंपी पांच एंबुलेंस



**(समर ब्यूरो)। नई दिल्ली**

फगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से व्यापार समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। बैठक में भारत सरकार ने काबुल स्थित अपने तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की, साथ ही अफगानिस्तान के स्वास्थ्य, आपदा राहत और पुनर्निर्माण कार्यों में सहयोग बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इसके साथ ही जयशंकर के अफगानिस्तान को नई 5 नई एंबुलेंस मुत्ताकी को सौंपी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत कोविड महामारी के दौरान अफगान स्वास्थ्य सुरक्षा का समर्थन करता रहा है और अब छह नई परियोजनाओं पर काम करने को तैयार है। बयान में कहा गया है कि भारत अफगान स्वास्थ्य संस्थानों को एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध कराएगा और टीकाकरण व कैंसर दवाओं की आपूर्ति करेगा। इसके अलावा, 20 एंबुलेंस के उपहार में से पांच एंबुलेंस अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को व्यक्तिगत रूप से भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को सौंपी।

# महिला क्रिकेट विश्व कप : आज भारत और ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने

**(समर ब्यूरो)। नई दिल्ली**

महिला क्रिकेट विश्व कप के तीसरे मैच में भारतीय टीम सात बार की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। पिछली हार और खराब फॉर्म से जुड़ा रहे भारतीय शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर अब जिम्मेदारी का दबाव है। अगर शीर्ष पांच बल्लेबाज जिम्मेदारी से नहीं खेलते, तो सेमीफाइनल की राह कठिन हो जाएगी। भारतीय टीम ने श्रीलंका और पाकिस्तान को निचले क्रम की मदद से हराया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ACA-VDCA स्टेडियम में बृहस्पतिवार को टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच के बाद भारत चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में पांच अंकों के साथ शीर्ष पर है। लगातार तीसरे मैच में शीर्षक्रम नाकाम रहा। आठवें नंबर की बल्लेबाज रिचा घोष के 94 रन की मदद से ही टीम ने 251 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर पिछले तीन मैचों में सिर्फ 21, 19 और 9 रन ही बना पाई हैं। स्मृति मंधाना ने भी 8, 23 और 23 रन ही बनाए। मध्यक्रम की जेमिमा रॉड्रिग्स केवल पाकिस्तान के खिलाफ 32 रन ही बना पाई। कुल मिलाकर भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों में वनेई भी तीन मैचों में अर्धशतक नहीं बना सका। कप्तान हरमनप्रीत ने हार के बाद कहा, "हम शीर्षक्रम में जिम्मेदारी से नहीं खेल सके। हमें बड़े स्कोर बनाने होंगे और सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा।"



**ऑस्ट्रेलिया की चुनौती**

ऑस्ट्रेलिया ने अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैम्पियन ने पाकिस्तान के खिलाफ बेथ मूनी का शतक और गेंदबाजों की मदद से टीम को संकट से बाहर निकाला। तेज गेंदबाज किम गार्थ, मेगन शूट और अनाबेल सदरलैंड ने मिलकर सात विकेट लिए। पिछले 12 बनते विश्व कप मुकाबलों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भारत को केवल 3 बार जीत मिली है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 9 बार जीत दर्ज की है।

**भारतीय खिलाड़ियों से उम्मीद**

2017 इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत की जीत की जिम्मेदारी निभाने वाली हरमनप्रीत कौर और स्पिनर दीप्ति शर्मा से इस बार भी वहीं प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद होगी।

## कास्पारोवनेफिरदोहरायाइतिहास,आनंदकोहराकरजीता'चेसलेजेंड्स'मुकाबला

**(समर ब्यूरो)। नई दिल्ली**

सेंट लुइस में एक बार फिर इतिहास खुद को दोहराता दिखा, जब दिग्गज ग्रैंडमास्टर गारी कास्पारोव ने 'वलय चेस लेजेंड्स' प्रतियोगिता के 10वें मुकाबले में विश्वनाथन आनंद को मात देकर 13-11 से जीत अपने नाम की। इस जीत के साथ ही उन्होंने दो मुकाबले पहले ही खिताब अपने नाम कर लिया। दिलचस्प बात यह है कि ठीक 30 साल पहले, 10 अक्टूबर 1995 को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित क्लासिकल वर्ल्ड चैंपियनशिप में आनंद ने कास्पारोव के खिलाफ 18वें गेम को ड्रॉ कराकर पराजय स्वीकार की थी। इस बार भी मुकाबले ने उस ऐतिहासिक क्षण की याद ताजा कर दी। 'चेस लेजेंड्स' मुकाबले की अंतिम दो बाजियां ब्लिट्ज फॉर्मेट में खेली गईं, जिनमें आनंद ने जीत हासिल की, लेकिन तब तक खिताबी फैसला कास्पारोव के पक्ष में हो चुका था। इस जीत के लिए कास्पारोव को 78,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार मिला, जबकि आनंद को 66,000 डॉलर से संतोष करना पड़ा।




पूरे मैच के दौरान कास्पारोव ने शानदार लय बनाए रखी और एक समय पांच अंकों की बढ़त हासिल कर ली थी। हालांकि अंतिम दिन 12 अंक दांव पर थे। आनंद ने दिन की शुरुआत ड्रॉ से की और फिर बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन एक चूक उनके लिए भारी साबित हुई। कास्पारोव ने क्वीन और माइनर पीस के एंडगेम में बाजी अपने नाम कर ली। मैच के बाद कास्पारोव ने कहा, "मैंने इस मुकाबले को जीतने की उम्मीद नहीं की थी। यह मेरे लिए एक शो की तरह था और मुझे खुशी है कि दर्शकों ने इसका आनंद लिया। सेंट लुइस आना मेरे लिए हमेशा सुखद अनुभव होता है और इस बार मैंने अपनी उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया। 62 वर्षीय कास्पारोव ने आनंद के खेल और अपने अनुभव को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, "मैंने मुकाबले में जितनी उम्मीद की थी, उससे ज्यादा धैर्य और रणनीतिक लचीलापन दिखाया। आनंद शायद मानसिक दबाव में थे, उनका मेरे खिलाफ अतीत का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है, और संभव है कि वही यादें इस बार भी उनके खेल पर असर डाल गईं।

## मुत्तकी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार को नहीं दिया घुसने

**(समर ब्यूरो)। नई दिल्ली**

तालिबानी विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने शुक्रवार को अफगान दूतावास में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, इस दौरान 20 पत्रकार मौजूद थे, लेकिन इनमें एक भी महिला पत्रकार नहीं थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुत्तकी के साथ आए तालिबान अधिकारियों ने ही ये तय किया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन



शामिल होगा। हालांकि, भारतीय अधिकारियों ने सुझाव दिया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार भी होनी चाहिए, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि तालिबान ने भारत को पहले बताया था या नहीं कि वे महिला पत्रकारों को नहीं बुलाएंगे।

**राजनीतिक प्रतिकिरिया** : कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वे हमारी जमीन महिलाओं के खिलाफ भेदभाव का एजेंडा रखने वाले कौन होते हैं। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने इस मामले को लेकर सीधा भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर निशाना साधा था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'हमारी सरकार ने तालिबान के विदेश मंत्री आमिर मुत्तकी को भारत में महिला पत्रकारों को बाहर रखकर पुरुषों के लिए अलग प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की कैसे अनुमति दी। जयशंकर जी को इस पर सहमति देने की हिम्मत कैसे हुई? और हमारे तथाकथित साहसी पुरुष पत्रकार कमरे में बैठे क्यों रहे।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
इस अंक में एग्जीक्यूटिव एडिटर चंदन स्वप्निल* *इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 35


**जिंदगी से खिलवाड़...** गांव गिल रोड पर तेज रफ्तार इटियोस कार की छत पर स्टंट करने की वीडियो वायरल

# लुधियाना की सड़कें बनीं रेस ट्रैक, ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

**अशवनी| लुधियाना**

लुधियाना में युवाओं की स्टंटबाजी लगातार बढ़ती जा रही है। ट्रैफिक पुलिस लगातार सड़को पर नाकाबंदियां और चालान तो करती नजर आती है, बावजूद इसके शहर की मुख्य सड़कों पर बेकाबू वाहन और स्टंटबाजी के मामले भी देखने को मिलते है। ऐसे में कई राहगीरों के द्वारा स्टंटबाजो की वीडीयो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते है। ऐसा ही एक ताज़ा मामला गांव गिल रोड का सामने आया है। जहां एक युवक ने चलती कार की छत पर स्टंट कर अपनी जान और दूसरों की सुरक्षा को जोखिम में डाल दिया।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है, जिसमे देखा जा सकता है कि कैसे एक फिरोजपुर नंबर (PB-05-P0153) की Etios कार तेज़ रफ्तार में दौड़ रही थी। इसी कार की छत पर एक युवक पहले खिड़की से बाहर निकलता दिखा, फिर कुछ सेकंड में पूरी तरह छत पर लेट गया। वीडियो में साफ़ दिखाई दे रहा है कि कार करीब 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। युवक का सिर गाड़ी की फ्रंट शीशे की तरफ और टांगे पीछे थीं, जबकि वह दोनों हाथों से कार की खिड़कियों को पकड़कर संतुलन बनाए हुए था।



गाड़ी पर स्टंट करने चढ़ता युवक।




फिरोजपुर नंबर की कार की पहचान हुई।

स्टंट के दौरान युवक कई बार पोज़ बदलता रहा और यहां तक कि खिड़की से अंदर बैठे ड्राइवर से बातचीत भी करता नज़र आया। तभी उक्त कार के पीछे आ रहे एक वाहन चालक ने इस खतरनाक करतब का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और पुलिस प्रशासन से कार और उसके मालिक पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

वीडियो के सामने आने के बाद एक बार फिर से ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस केवल सड़को पर चालान काटती है, जबकि शहर की सड़कें बिना निगरानी के युवाओं के लिए रेस ट्रैक बन चुकी हैं। शहर में लंबे जाम लगे होते है, कोई भी पुलिस कर्मी जाम को खुलवाने की जहमत नहीं उठाता।

यहां ये भी बता दे कि चार दिन पहले भी सोशल मीडिया पर एक अन्य वीडियो वायरल हुई थी। जिसमे लुधियाना में दो विदेशी स्टूडेंट्स कार की छत पर बैठकर रोमांस करते दिखाई दे रहे थे, वह वीडियो थरीके स्थित कीज होटल के पीछे वाली सड़क की थी।लोगों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो यह लापरवाही कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### फिरोजपुर नंबर की कार की पहचान में जुटी पुलिस, जल्द होगा स्टंटबाजों पर शिकंजा...

*एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह ने बताया कि उक्त वीडीयो में सामने आया की गाड़ी फिरोजपुर की है। फिलहाल यह पता करवाया जा रहा है कि यह वीडियो कहां की है और पुलिस गाड़ी का भी एड्रेस निकलवा रही है। जांच के बाद उक्त चालक व उसके साथी पर बनती कार्रवाई की जाएगी।*

## बस स्टैंड के बाहर नशे में झूमती युवती की वीडियो हुई वायरल, लोग बोले अक्सर ही ऐसे देखने को मिलता

### एसीपी बोले- इलाके में बढ़ाई जाएगी पुलिस की गश्त

**अशवनी| लुधियाना**

अक्सर ही सोशल मीडिया पर नशे में धुत युवाओं का वीडियो वायरल होता दिखाई देता है, शुक्रवार को एक वीडियो वायरल हुई जिसमें समराला चौक में ही एक पार्क में युवक नशे का इंजेक्शन लग रहा था। अब शनिवार को एक अन्य वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते हुए दिखाई दे रहा है, जिसमें लुधियाना के बस स्टैंड के बाहर एक युवती नशे में धुत होकर गिरती दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसा अक्सर ही देखने को मिलता है कि नशे में धुत्त युवक में युवतियां बस स्टैंड के बाहर दिखाई देती हैं।

पुलिस प्रशासन छुटपुट करवाई करता है, लेकिन बाद में फिर से हालात बद से बदत्तर हो जाते हैं।बस स्टैंड के सामने नशे में धुत्त युवती की वीडियो सामने आने के बाद इलाके की कानून-व्यवस्था और पुलिस निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं।

वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि कैसे बस स्टैंड के बाहर बने होटलों के सामने काले रंग की टी-शर्ट में करीब 23 से 24 वर्षीय युवती नशे की हालत में झूम रही है। उसकी हालत इतनी बिगड़ी हुई थी कि वह खुद को संभाल नहीं पा रही थी। राहगीरों ने इस दृश्य की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में युवती का मुंह खुला हुआ और चाल-ढाल असामान्य थी, जिससे साफ़ पता चल रहा था कि वह नशे के असर में थी।

बस स्टैंड के बाहर एक ऑटो चालक ने कहा "मैं यहां रोज़ी-रोटी कमाने आता हूं, इन लोगों से पंगा लेना खतरे से खाली नहीं।

इनके पास दातर जैसी धारदार चीज़ें रहती हैं, कब हमला कर दें कोई भरोसा नहीं।" वही एक अन्य चालक ने कहा कि ये कोई पहली बार नही है अक्सर ही यहां पर युवक और युवतियां नशे का सेवन करते हुए दिखाई देते है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, रात के समय बस स्टैंड के आसपास नशे में धुत्त महिलाएं और उनके साथी यात्रियों को लूटने तक से नहीं चूकते। नाम न छापने की शर्त पर एक दुकानदार ने बताया कि, "रात को जब सड़कें सुनसान होती हैं, तो ये महिलाएं नशे की हालत में यात्रियों को फंसाती हैं और फिर उनके साथ लूटपाट करती हैं।

**गाड़ी साइड करने को लेकर हुआ विवाद... मामूली कहासुनी के बाद चली गोलियां, एक घायल**

# पीड़ित की जेब में मोबाइल को चीरती हुई गोली पैर पर लगी, *फोन ना होता तो आज पीड़ित का पैर ना होता...*

**सुनील शिंगार | लुधियाना**

पक्खोवाल इलाके में वीरवार रात उस समय दहशत फैल गई, जब इलाके में मामूली कहासुनी के बाद एक युवक ने गुस्से में आकर सरेआम गोलियां चला दीं। फायरिंग में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए डीएमसी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उक्त सारी वारदात घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी देते हुए पीड़ित अंकित मल्होत्रा ने बताया कि 9 अक्तूबर की रात करीब 8:45 बजे वह अपनी पत्नी को मेहंदी लगवाने के बाद घर लौट रहा था। रास्ते में उसने आरोपी सतनाम सिंह को गाड़ी पीछे करने के लिए कहा, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया और अंकित घर चला गया। कुछ देर बाद जब अंकित को पता चला कि उसकी पत्नी का मोबाइल मेहंदी की दुकान पर रह गया है, तो वह अपने भाई वंश मल्होत्रा के साथ दोबारा दुकान पर पहुंचा। तभी आरोपी सतनाम सिंह अपनी कार में बैठा नजर आया। अंकित के मुताबिक आरोपी ने उसे देखते ही कार से बैग निकाला और रिवॉल्वर निकालकर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जैसे ही अंकित ने अपने बचाव में पत्थर फेंका जिससे आरोपी का निशाना चूक गया,लेकिन गोलियां वंश मल्होत्रा के दाहिने पैर में जा लगीं।फायरिंग होते ही इलाके में भगदड़ मच गई। आरोपी सतनाम सिंह अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया।



गोली लगने से घायल युवक।



पीड़ित के मोबाइल पर लगी गोली।

स्थानीय लोगों ने घायल वंश को तुरंत डीएमसी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वही इलाके के लोगों के अनुसार हाल पक्खोवाल रोड और उसके आसपास के इलाकों में झगड़े और फायरिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना सदर की पुलिस ने पीड़ित के बयानों पर आरोपी सतनाम सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

**8 सालों में खाली हुआ यूथ अकाली दल, अब पार्टी तलाश रही नेता**

## गोशा, मनप्रीत, तनवीर, गुरप्रीत सहित अकाली दल छोड़ दूसरी पार्टियों के थाम चुके हैं दामन

**सुनील शिंगार/मनिंदर सिंह| लुधियाना**

15 सालों तक मनका मनका जोड़कर अकाली दल के सीनियर नेताओं ने जो यूथ विंग 1 बनाया था। वह यूथ विंग बीते 8 सालों में बिखर चुका है। अकाली दल यूथ विंग के कई बड़े नेता पार्टी का दामन छोड़ कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी में जा शामिल हुए। अब आलम ऐसा है कि अकाली दल को यूथ विंग का प्रधान व अन्य पद पर तैनात करने के लिए नेता नहीं मिल रहे। सन 2027 के चुनावों की तैयारी को लेकर इन दिनों यूथ अकाली दल विंग बनाने के लिए कश्मकश चल रही है और पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा मंथन किया जा रहा है। पार्टी के दिग्गज नेताओं का तो दावा है कि जो युवा नेता अकाली दल का दामन छोड़ दूसरी पार्टियों में शामिल हुए थे वह वापस आने को तैयार हैं जबकि कई नए युवा भी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पर इसका जवाब यह है कि अगर ऐसा है तो फिर पार्टी की हाई कमान द्वारा मंथन पर इतना समय क्यों लग रहा है।

- **गठबंधन टूटने के बाद से अकाली शांत...** *शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी का जब से गठबंधन टूटा है तब से अकाली नेता शांत नजर आ रहे हैं। जानकारों का मानना है कि बीते लगभग 5 सालों से अकाली नेताओं की कोई बड़ी कार्रवाई या फिर कोई बड़ा फैसला सामने नहीं आया। अब बीते लगभग 1 साल से पार्टी प्रधान सुखबीर सिंह बादल एक्टिव हुए हैं। ऐसे में सुखबीर सिंह बादल द्वारा पार्टी के पुराने दिग्गज नेताओं और यूथ को फिर से तैयार किया जा रहा है और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है।*

- **बड़े नेताओं की फूट ने यूथ का तोड़ा था मनोबल...** *अकाली दल छोड़ चुके यूथ के नेताओं से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि पार्टी के सीनियर नेताओं की फूट ने भी उनको परेशान किया था। कुछ नेता ऐसे थे जो अपने ही पार्टी के दूसरे नेता का विरोध करते थे। ऐसे में यूथ को समझ आ रहा था कि सीनियर नेता उनको आगे बढ़ने का मौका नहीं देंगे। इसी का रिजल्ट सन 2022 के विधानसभा चुनाव में भी शिरोमणि अकाली दल पार्टी को देखने को मिला। पार्टी छोड़ चुके यूथ नेताओं का सीधे तौर पर कहना है कि अकाली दल की अंदरूनी लड़ाइयां ही उनके लिए सबसे बड़ा नुकसान है।*

- **यूथ नेता वापस आने को तैयारः भिंदा...** *अकाली के सीनियर नेता भूपिंदर सिंह भिंदा ने बताया कि जो यूथ बागी होकर दूसरी पार्टियों को ज्वाइन किया था वह वापस आने को तैयार है। उन्होंने बताया कि ऐसे ही नाम की लंबी लिस्ट भी तैयार है जबकि यूथ विंग का प्रधान घोषित करने के लिए भी कई यूथ नेता दौड़ में है।*

- **यूथ बॉडी जल्द तैयार होगीः रणजीत सिंह ढिल्लों...** *यूथ पार्टी की रीड की हड्डी होता है और अकाली दल में यूथ हमेशा ही अहम रोल निभाता रहा है। अकाली दल में लगातार ऐसे लोगों की लिस्ट लंबी होती जा रही है जो पार्टी से जुड़ रहे हैं। यूथ विंग का प्रधान जल्द घोषित होगा।*


- **अकाली दल यूथ विंग फिर से मजबूत होगा...** *महेश इंद्र सिंह ग्रेवाल अकाली दल का यूथ विंग हमेशा ही मजबूत रहा है और अब भी मजबूत होगा। अकाली दल कोर कमेटी की लिस्ट जारी हो चुकी है जबकि यूथ विंग की लिस्ट भी तैयार हो रही है। हमारे पुराने साथी भी वापस लौटेंगे और नए साथी की पार्टी के साथ जुड़ने को तैयार हैं। अकाली यूथ विंग के पंजाब प्रधान सर्बजीत सिंह झिंझर ने पूरे पंजाब के यूथ को अपने साथ जोड़ा है जिसका परिणाम आने वाले दिनों में देखा जाएगा।*

## 260 ग्राम हेरोइन और स्कॉर्पियो सहित तीन नशा तस्कर काबू

**लुधियाना | अशवनी पाहवा**

युद्ध नशे विरुद्ध मुहिम के चलते थाना टिब्बा की पुलिस ने महावीर जैन कॉलोनी में नाकाबंदी के दौरान एक स्कॉर्पियो कार सवार तीन युवको को काबू किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 260 ग्राम हेरोइन, 30 पारदर्शी जिप लॉक लिफाफे और दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे बरामद किये। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल कर उनसे पूछताछ शुरू की। पुलिस आरोपियों से पता लगा रही है वह नशा कहां से लेकर आते हैं और कहां-कहां पर सप्लाई करते हैं।

एसीपी सुमित सूद ने बताया कि थाना टिब्बा की पुलिस ने महावीर जैन कॉलोनी के टी-पॉइंट पर नाकाबंदी कर इनकी तलाशी ली, जहा जांच में सामने आया कि आरोपी स्कॉर्पियो कार का प्रयोग हेरोइन की सप्लाई के लिए करते थे।आरोपियों की पहचान गुरदीप सिंह उर्फ सनी निवासी इंद्रापुरी, प्रदीप कुमार उर्फ मिठ्ठी निवासी करमसर कॉलोनी, और जसकर्ण सिंह उर्फ जोगी निवासी गांव जस्सियां के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनटीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया। पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान नशे के इस नेटवर्क से जुड़े और भी कई नाम सामने आएंगे। वही एसीपी ने कहा कि शहर में नशे के खिलाफ मुहिम लगातार जारी रहेगी और तस्करों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## मल्हार रोड के एक रेस्टोरेंट के खाने में से निकला कोकरेज

**लुधियाना | सुनील शिंगार**

रात के समय तीन दोस्त मल्हार रोड स्थित एक रेस्टोरेंट से खाना खाने गए तो उनको जो खाना परोसा गया उसमें से जिंदा कॉकरोच निकला। उक्त जिंदा कॉकरोच की वीडियो बनाकर तीनों ही दोस्तों ने रेस्टोरेंट मालिक को शिकायत की तो उन्होंने ऐसा कुछ होने से साफ इनकार कर दिया। यही नहीं उक्त रेस्टोरेंट मालिक पर तीनों ही दोस्तों ने आरोप लगाया कि उन्होंने गलती मानने की बजाय उन पर दबाव बनाया और टेबल चेंज कर दोबारा खाना परोस दिया। वही इस मामले में एक युवक ईशनूर सिंह ने मामले की शिकायत सेहत विभाग सहित अन्य उच्च अधिकारियों को दी और उक्त रेस्टोरेंट पर बनती कार्रवाई करने की मांग की।

## इंद्रजीत बोपराय ने संभाला एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया ए का चार्ज

**लुधियाना | दलजीत विक्की**

शुक्रवार को पंजाब सरकार द्वारा हुए डीएसपी के तबादलों के बाद वीरवार को डीएसपी इंद्रजीत सिंह बोपराय ने लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया ए का चार्ज संभाल लिया है इससे पहले इंद्रजीत सिंह बोपराय लुधियाना देहाती में डीसीपी डी के पद पर तैनात थे।वही इंद्रजीत लुधियाना से भली भाँति वाक़िफ़ है वे इससे पहले लुधियाना कमिश्नरेट में कई थानो में बतौर एसएचओ अपनी सेवाये निभा चुके है।



चार्ज संभालते ही इंद्रजीत सिंह बोपराय ने कहा कि सबसे पहले वे इलाकवासियों को आने वाले दिवाली के त्यौहार की बधाई दी और उन्हें संदेश देते हुए ग्रीन दिवाली मनाने के लिए कहा जिससे पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके और सभी को इलाके में अमन शांति से रहने की अपील करते हुए कानून की पालना करने के लिए कहा,वही उन्होंने कहा कि वे अपने इलाके में किसी भी प्रकार के नशा तस्करी,गुण्डतत्व व गैरकानूनी काम करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं करेंगे।और नशा बेचने वालो और उनके नेक्सेस को पूरी तरह नेस्तोनाबूत कर उनकी सही जगह उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने इलाके में फैले सभी नशा तस्करों और गुंडा तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने सभी ग़लत काम बंद कर दे या तो फिर शहर छोड़ कर चले जाये।नहीं तो पंजाब पुलिस अपने तरीक़े से उनके सारे ग़ैर क़ानूनी कामो को बंद करवायेगी।वही उन्होंने जनता से अपील की है कि अपने अपने इर्द गिर्द इलाके में फैले किसी भी ग़ैर क़ानूनी व नशा तस्करी का काम करने वालो की उनको सूचना दे।उनका नाम और पता गुप्त रखा जायेगा।

**त्योहारों के सीजन में भारत नगर से आरती चौक तक अनजान लोगों का फुटपाथ पर डेरा, प्रशासन की निगरानी पर सवाल**

# न जाने कहां से आए... ये लोग, प्रशासन के पास कोई सूचना नहीं

**लुधियाना | सुनील शिंगार**

त्योहारों के सीजन में वैसे तो प्रशासन का दावा रहता है कि संदिग्ध लोगों पर निगाह रखी जा रही है। लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारियों के दफ्तर के बाहर ऐसे दर्जनों अज्ञात लोग सरेआम बैठे नजर आते हैं जिनका ना ही कोई पता है और ना ही पहचान। यही लोग दिन रात वहीं पर रहते हैं। ऐसे लोगों के पास एक बैग भी मौजूद रहता है जिसमें न जाने क्या है या नहीं। लेकिन कहीं ना कहीं सुरक्षा को लेकर ऐसे लोग बड़ा सवालिया निशान है। स्थानीय लोगों के मुताबिक ऐसे ही अज्ञात लोगों की गिनती लगातार बढ़ती जा रही है जो कि कहीं ना कहीं गलत है। यही अज्ञात लोग भारत नगर चौक से लेकर आरती चौक तक एलिवेटेड पुल के नीचे फुटपाथ पर बैठे हुए या फिर सोए हुए देखे जा सकते हैं। इनमें से कुछ लोग ऐसे हैं जो की खिलौने बेचने वाले हैं जबकि कुछ लोग भीख मांगने वाले भी हैं। इसके इलावा कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने अच्छे कपड़े पहने हुए हैं और साफ सुथरे होने के साथ उनके पास बैग भी मौजूद हैं। बड़ी बात यह है कि इन लोगों को कोई पूछने वाला नहीं है।





त्योहारों के सीजन को लेकर अचानक भारत नगर चौक से आरती चौक तक फलाईओवर के नीचे कुछ अनजान लोगों का बसेरा।

### थाना डिवीजन पुलिस को करना चाहिए चैक

*फिरोजपुर रोड स्थित एलिवेटेड पुल के नीचे अज्ञात लोगों का जमावड़ा तो आप देख ही सकते हैं वहीं शहर के कुछ अन्य इलाके जैसे घंटाघर के पास, बस स्टैंड और दुगरी पुल के पास भी ऐसे ही लोगों का जमावड़ा अक्सर ही देखने को मिलता है। ऐसे में इन लोगों की जांच करने के लिए स्थानीय थाना की पुलिस को गंभीरता दिखानी होना चाहिए और इन लोगों से उनके पहचान पत्र लेकर जांच करनी चाहिए। त्योहारों के दिनों सहित आम दिनो में भी शहर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए ऐसे ही संदिग्ध लोगों पर निगाह रखनी जरूरी है।*

## दोस्तों के साथ रची लूट की झूठी साजिश, पूछताछ में खुलासा, दो गिरफ्तार, 1 फरार

**जगराओं\ लुधियाना | अशवनी पाहवा**

लुधियाना के जगराओं में बीते दिनों हुई निजी कंपनी के कर्मी से लूट का मामले में पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने कंपनी के कर्मी व उसके एक दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है, वही एक अन्य दोस्त फरार बताया जा रहा है। बता दें कि निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मी ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर लूट की झूठी साजिश रची थी। पुलिस के द्वारा कर्मी से सख्ती से पूछताछ करने पर वह अपनी ही बनाई झूठी कहानी में उलझ गया और सच्चाई कबूल कर ली। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 85200 रुपये बरामद किये, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है।

थाना दाखा की पुलिस ने तीनों आरोपियों पर झूठी कहानी रचने सहित अन्य कई विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले की जानकारी देते हुए एसीपी वरिंदर सिंह खोसा ने बताया कि कंपनी के कर्मी जसप्रीत सिंह ने उन्हें बताया कि वह कंपनी की अहमदगढ़ मंडी ब्रांच में काम करता है। उसका काम अलग-अलग गांव से पैसे इकट्ठे कर कंपनी में जमा करवाना था। वही उसने पुलिस को सूचना दी की बद्दोवाल से लालतों की तरफ लौटते समय बाइक सवार चार अज्ञात लुटेरों ने उसे घेरकर उससे 90828 रुपए से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गये। दिनदहाड़े हुई लूट की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत हरकत में आई और घटनास्थल पर पुहंच कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फोटो खंगालनी शुरू की, लेकिन उन्हें उस रास्ते पर कोई भी संदिग्ध बाइक जाता हुआ नहीं दिखा। इसपर पुलिस को जसप्रीत पर ही शक हुआ। पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपनी रचाई साजिश का खुलासा कर दिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जसप्रीत और परविंदर सिंह को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से लूटी गई 85200 रुपए बरामद किये। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जसप्रीत सिंह उसका दोस्त परविंदर सिंह के रूप में हुई। वही पुलिस के अनुसार तीसरा आरोपी खुजला अभी फरार है।

# डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए मोहाली सिविल अस्पताल में तैनात होंगे नौ सुरक्षा गार्ड




**हरजीत मठारू । चंडीगढ़**

फेज-6 स्थित जिला अस्पताल में डॉक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर अब बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल में नौ सुरक्षा गार्ड तैनात करने का फैसला किया है। यह नियुक्तियां पंजाब एक्स-सर्विसमैन कॉरपोरेशन (पेस्को) के माध्यम से आउटसोर्स आधार पर की जाएंगी। अस्पताल में कई बार मरीजों के परिजनों और बाहरी लोगों के हंगामे की घटनाओं के बाद यह कदम उठाया गया है। मोहाली सिविल अस्पताल में कई मौकों पर डॉक्टर्स और स्टाफ ने रात के समय सुरक्षा की कमी को लेकर चिंता जताई थी। एमरजेंसी वार्ड में कुछ महीने पहले हुई मारपीट और हंगामे की घटनाओं के बाद डॉक्टर्स ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को लिखित शिकायत भी दी थी। इन घटनाओं के बाद विभाग ने पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (पीसीएमएस) के साथ बैठक कर सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय लिया। पहले चरण में मोहाली समेत 23 जिला अस्पतालों में सुरक्षा गार्ड तैनात किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में उप-जिला अस्पतालों में और तीसरे चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी। मोहाली के लिए तय नौ सुरक्षा गार्डों की भर्ती प्रक्रिया अगले दो महीनों में पूरी होने की संभावना है।

पीएचएससी उठाएगा खर्च, यूजर चार्ज से नहीं कटेगा पैसा

सुरक्षा गार्डों के वेतन और संचालन का पूरा खर्च पंजाब हेल्थ सिस्टम्स कॉर्पोरेशन (पीएचएससी) वहन करेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इसके लिए मरीजों से वसूले जाने वाले यूजर चार्ज का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

मोहाली जहां मुख्यमंत्री कार्यालय और कई प्रशासनिक दफ्तर हैं, वहां सुरक्षा प्रबंधों की कमी लंबे समय से चिंता का विषय रही है। पिछले साल जिला अस्पताल में आपातकालीन वार्ड में मरीज के परिजनों द्वारा हंगामे का मामला सामने आने के बाद डॉक्टर्स ने एक दिन की प्रतीकात्मक हड़ताल भी की थी। अब सुरक्षा गार्डों की तैनाती से उम्मीद की जा रही है कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगेगी।

# विधायक रंधावा ने 5.79 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**परदीप सिंह । हैप्पी मोहाली**

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में संपर्क सड़क नवीनीकरण परियोजना के अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया और उन्हें नया रूप देने के कार्य का उद्घाटन किया। इन चल रहे कार्यों की कुल लागत 5 करोड़ 79 लाख 48 हज़ार रुपये है, जिसमें 25.48 किलोमीटर लंबी 11 सड़कें शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान, विधायक ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य की गुणवत्ता से समझौता न करने और कार्य आदेश में निर्धारित तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार इन कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है, जिन्होंने सभी विधायकों को चल रहे सार्वजनिक कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

विधायक रंधावा ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र में कनेक्टिविटी, व्यापार और ग्रामीण विकास को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा, जिससे डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के कई गाँवों के निवासियों को लाभ होगा।

वर्तमान विकास कार्यों के तहत जिन 11 सड़कों का निर्माण या उन्नयन किया जा रहा है, वे हैं तोफापुर से मियापुर जिसमें फिरनी (72.61 लाख), लालरू से मियापुर वाया आगापुर और भगवासी (97.08 लाख), कुर्ली से सरसिनी (25.54 लाख), मिसिंग लिंक रोड पुंसर (9.98 लाख), जस्ताना खुर्द से बसोली (75.53 लाख), चौंदेहरी से तोफापुर (40.32 लाख), अंबाला चंडीगढ़ रोड फिरनी सेक्शन सहित जरोट वाया बटोली, अंबाला चंडीगढ़ रोड से बटोली (65.28 लाख), मीरपुर से कसौली वाया धीरेमाजरा (79.72 लाख), अंबाला चंडीगढ़ रोड से लालरू मियापुर रोड वाया दप्पर फिरनी, जिसमें तोगापुर (सेक्शन मियापुर रोड वाया दप्पर, तोगापुर, फिरनी शामिल) (62.90 लाख), कसौली से त्सिम्बली वाया बसौली (39.00 लाख) और आरसी रोड से छत बाड़ी रोड को नारायणगढ़ झुग्गियाँ (11.52 लाख), शामिल है।



**उद्घाटन करते हुये विधायक कुलजीत सिंह रंधावा।**

विधायक रंधावा ने दोहराया कि भगवंत सिंह मान सरकार पंजाब भर में सभी विकास कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने स्थानीय निवासियों से भी बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि सभी सड़कें उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएँगी। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन, गाँवों के पंच-सरपंच, पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सहित पूरी टीम मौजूद थी।

# पार्किंग और अधूरे गटर के कारण बड़ी मुश्किल, फेज 11 के लोग परेशान





**मोहाली फेज-11 मार्केट के हालात। करीब तीन माह पहले पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई की गई थी। कीचड़ और पानी जमा होने के कारण न सिर्फ पैदल चलना मुश्किल है।**

**हरजीत मठारू । चंडीगढ़**

मोहाली फेज-11 मार्केट की एससीएफ-86 से 123 तक की सड़क और पार्किंग लंबे समय से बदहाल हैं। करीब तीन माह पहले पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई की गई थी। इसके बाद दुकानदार और स्थानीय लोग असुविधाओं का सामना कर रहे थे। अब जब पाइपलाइन का काम पूरा हो गया है, सड़क की हालत और भी बदहाल हो गई है। मिट्टी डालकर सड़क अधूरी छोड़ दी गई है। हाल ही में हुई बारिश ने कीचड़ और गंदगी फैला दी है, इससे पैदल चलना और वाहनों से गुजरना दोनों ही मुश्किल हो गया है। त्योहारों के इस खास समय में फेज-11 मार्केट हर साल खास रौनक लिए रहता है। इस बार कीचड़ के कारण ग्राहक मार्केट तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। दुकानदार आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। फेज-11 के शोरूम मालिक रविंदर सिंह, महावीर गोयल, राम दयाल, अनिल गर्ग, पवन गर्ग और पप्पू छतवाल ने कहा कि सड़क की गंभीर हालत के कारण मार्केट की रौनक ठप पड़ गई है।

बीच चौक में गटर का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। इस कारण वहां से अंदर जाने का रास्ता बंद हो गया है। हाल ही में हुई बारिश ने समस्या और गंभीर बना दी है। कीचड़ और पानी जमा होने के कारण न सिर्फ पैदल चलना मुश्किल है, बल्कि वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो गया है।

दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने समस्या कई बार प्रशासन के सामने रखी। उन्होंने डीसी कोमल मित्तल, विधायक कुलवंत सिंह, नगर निगम और गमाडा तक शिकायतें दर्ज करवाई। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बार-बार शिकायत की, फोटो भेजे, अधिकारियों को दिखाया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। दुकानदारों को अब खुद अपने खर्च से मलबा हटाना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल बना रही है, बल्कि व्यापार को भी बर्बाद कर रही है। दुकानदार और स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

उनका कहना है कि केवल शिकायत दर्ज कराने से काम नहीं चलेगा। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो न सिर्फ व्यापार प्रभावित होगा, बल्कि सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिहाज से गंभीर समस्या पैदा हो सकती है।

# मोहाली में ट्रेवल एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## क्लाइंट को वीजा देने की बजाए बंधक बनाकर पीटा

**हरजीत मठारू । चंडीगढ़**

मोहाली सेक्टर 67 के सीपी मॉल में फ्यूचर स्केयर विजा कंसलटेंट के मालिक और उनके अन्य साथियों के ऊपर एफ ई आर नंबर 126 हुईं दर्ज । जानकारी मुताबिक से पता चला है की कंप्लेंट करता क्लाइंट अनिल सचदेवा जोकि हरियाणा का रहने वाला है जिसने फ्यूचर स्केयर वीजा कंसलटेंट को अज़रभाईजान जाने के लिए वीजा अप्लाई करवाया था जिनके पैसे 260000 डेढ़ साल पहले जमा करवाए थे मगर कंसल्टेंट कंपनी की ओर से उनका वीजा न लगवाया गया तो तकरीबन डेढ़ साल चक्कर लगाने के बाद ग्राहक अनिल बार-बार अपने पैसे मांगने उनके दफ्तर जाता था । कुछ दिन पहले अनिल सचदेवा जब फ्यूचर्स सकेयर विजा कंसलटेंट के ऑफिस मोहाली में गया तो दफ्तर वालों ने अनिल सचदेवा की मार कटाई की इसके बाद हरियाणा के रहने वाला अनिल सचदेवा फेस 11 पुलिस स्टेशन में गया और उसने अपनी शिकायत दर्ज कराई । एस एच ओ फेस 11 पी एस ग्रेवाल ने जानकारी देते हुए बताया की ट्रैवल एजेंट की कंपनी मालिक हिमांशू ओर एम्प्लॉय ममता ओर दो और अननोन व्यक्तियों के खिलाफ अन्य अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी देते हुए एस.एच.ओ ने बताया कि दोषी कंसलटेंट कंपनी का मालिक अभी फरार है जल्द ही उन्हें और उनके साथियों को गिरफ्तार किया जाएगा । ग्रेवाल ने बताया कि इस ट्रैवल एजेंट का लाइसेंस भी चेक किया जा रहा है कि यह लाइसेंस के तहत इमीग्रेशन कंपनी चला रहे था या नहीं अगर इनके पास लाइसेंस ना हुआ तो जुर्म में वादा करते हुए उनके खिलाफ और बनती कार्रवाई की जाएगी और पुलिस की ओर से दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



**एसएचओ पीएस ग्रेवाल जानकारी देते हुए।**

# भगवंत सिंह मान सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं: सरबजीत सिंह समाना

## कांग्रेस और अन्य दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए

**परदीप सिंह हैप्पी । मोहाली**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर लगभग सभी दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं और आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है, जो हमारे लिए खुशी और संतुष्टि की खबर है। यह बात आम आदमी पार्टी के युवा नेता और पार्षद सरबजीत सिंह समाना ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। सरबजीत सिंह समाना आज सेक्टर-79 स्थित पार्टी कार्यालय में बड़ी संख्या में कांग्रेस और अन्य दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर स्वागत कर रहे थे। सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और आने वाले समय में उन्हें बड़ी ज़िम्मेदारियों से नवाजा जाएगा ताकि वे अपने-अपने स्तर पर काम करके आम आदमी पार्टी के संगठनात्मक और आध्यात्मिक ढांचे को पहले से भी ज़्यादा मज़बूत कर सकें। सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि भगवंत सिंह मान सरकार द्वारा पिछले विधानसभा चुनावों में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान व अन्य लोगों द्वारा जनता की अदालत में किए गए वादे और गारंटियाँ लगभग पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने



कहा कि सेक्टर-79 में बाढ़ प्रभावित इलाकों में ज़रूरी और आवश्यक सामान पहुँचाने के लिए बस स्टॉप बनाया जाएगा।

पिछले कुछ समय से गृह मंत्रालय के कार्यालय से सामान और ज़रूरी सामान ले जाने वाली गाड़ियाँ लगातार भेजी जा रही हैं और निवासियों को जो भी तत्काल ज़रूरत है, विभिन्न इलाकों में सर्वे और नोडल अधिकारियों द्वारा तुरंत सामान पहुँचाया जाता है और आगे भी पहुँचाया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि अब तक आम आदमी पार्टी कार्यालय से तिरपाल, गद्दे, बिस्तर, दवाइयाँ, बर्तन, पशुओं के लिए चारा आदि भेजा जा चुका है। युवा नेता एवं पार्षद सरबजीत सिंह समाना ने पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि पंजाब के लोग आम आदमी पार्टी की जनहितैषी योजनाओं का सही अर्थों में लाभ उठा सकें, इसके लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस अवसर पर सरपंच इकबाल सिंह जुझार नगर, पूर्व पार्षद राजिंदर प्रसाद शर्मा, महिंदर लाल, महासचिव बाजीगर बिरादरी पंजाब, दर्शन कुमार, अध्यक्ष ज्ञानचंद, मुंदरी राम, पूर्व पंच, बिल्ला राम, बहादुर राम, विक्की पंच, बंटी, रवि, नसीब, राज कुमार, शिव कुमार, जसप्रीत, हैप्पी, कुलदीप कुमार, विशाल कुमार, गुरचरण सिंह, सतपाल, भूपिंदर सिंह, अजय कुमार, रिंकू, बलकार सिंह, दिलबर, रेशमा पंच, गेंदा राम भी उपस्थित थे।

